दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। बुधवार 24 अप्रैल -2024 | वर्ष : 8 अंक : 194 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## अखिलेश का लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार

### पार्टी की रणनीति के तहत लिया फैसला



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके पीछे सियासी निहितार्थ हैं। वह उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाना चाहते हैं और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए यूपी में बने रहना चाहते हैं।

फ्लैशबैक में जाएं तो अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधायक बनने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष का पद खुद संभाला। चाचा शिवपाल के साथ आने के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कयासबाजी शुरू हुई, लेकिन वे अपने फैसले पर अडिग रहे। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके आजमगढ़ अथवा कन्नौज से मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव और कन्नौज से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित कर उन्होंने इन संभावनाओं पर विराम लगा दिया। हालांकि इसके पीछे रणनीति बताई जा रही है। वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र का कहना है कि लोकसभा चुनाव न लड़ कर अखिलेश यादव ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। वह एक लोकसभा सीट पर खुद को बांधने के बजाय पूरे प्रदेश में चुनावी दौरे कर सकेंगे। दूसरी तरफ जनता के बीच मौजूद रहने का संदेश देंगे।

नेता प्रतिपक्ष के पास कैबिनेट मंत्री की तरह कई अधिकार होते हैं। प्रदेश की सियासत के आधार पर भी नेता प्रतिपक्ष का पद अहम माना जाता है। जबकि सांसद के पास निधि और कुछ विशेषाधिकार ही होते हैं।

अखिलेश यादव ने कन्नौज से तेज प्रताप यादव को मैदान में उतारकर पार्टी के अंदर किसी तरह के विरोध को उभरने से रोका है। कन्नौज से पहले डिंपल यादव सांसद थीं, लेकिन मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद वह मैनपुरी से लोकसभा उपचुनाव लड़ीं, जबकि यहां से तेज प्रताप सांसद रह चुके हैं। ऐसे में मैनपुरी के बदले कन्नौज देकर उन्होंने पारिवारिक एकजुटता का संदेश दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके पीछे सियासी निहितार्थ हैं। वह उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाना चाहते हैं और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए यूपी में बने रहना चाहते हैं। फ्लैशबैक में जाएं तो अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधायक बनने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष का पद खुद संभाला। चाचा शिवपाल के साथ आने के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कयासबाजी शुरू हुई, लेकिन वे अपने फैसले पर अडिग रहे।

लोकसभा चुनाव के दौरान उनके आजमगढ़ अथवा कन्नौज से मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव और कन्नौज से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित कर उन्होंने इन संभावनाओं पर विराम लगा दिया। हालांकि इसके पीछे रणनीति बताई जा रही है। एक वरिष्ठ पत्रकार का कहना है कि लोकसभा चुनाव न लड़ कर अखिलेश यादव ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं।

# आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन

## भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवार दिखाएंगे अपने प्रचार का जोर

### डॉली शर्मा करेंगी सुबह और दोपहर में | भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग करेंगे रोड शो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज शहर विधानसभा का शहरी क्षेत्र जिंदाबाद के नारों से गूंजेगा। आज हवा में हाथ हिलाकर सभी से समर्थन मांगा जायेगा। आज बाजारों में जाम रहेगा क्योंकि बाजारों का सिस्टम राजनीति के नाम रहेगा। आज गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग और कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा रोड शो करेंगे। रोड शो का रूट शहर के प्रमुख बाजारों में रहेगा।

एक छोर पर कांग्रेस की उम्मीदवार शहीदों के सम्मान में माल्यार्पण करेंगी और दूसरे छोर पर भाजपा के उम्मीदवार शहीदों के सम्मान में माल्यार्पण करेंगे। इन रोड शो में दोनों ही दलों के कोई बड़े स्टॉर प्रचारक नहीं आ रहे हैं। इन रोड शो में स्थानीय नेता होंगे, स्थानीय उम्मीदवार होंगे और बीच शहर के बाजारों में ये रोड शो निकलेगा।

### दोपहर दो बजे बजरिया गुरूद्वारे से शुरू होगा अतुल गर्ग का रोड शो



करंट क्राइम। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग का रोड शो आज दोपहर दो बजे शुरू होगा। आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है और आज भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग दोपहर दो बजे अपना रोड शो शुरू करेंगे। अतुल गर्ग का रोड शो बजरिया गुरूद्वारे से शुरू होगा। वह घंटाघर होते हुए अनाज मंडी आयेंगे। यहां से वो चौपला बाजार पहुंचेंगे और यहां से उनका रोड शो शहीद पथ नवयुग मार्किट में समाप्त होगा। इस रोड शो में सभी से भाग लेने की अपील भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की है।

### सुबह 9.30 बजे अपने चुनाव कार्यालय से शुरू करेंगी डॉली शर्मा अपना रोड शो



करंट क्राइम। कांग्रेस की उम्मीदवार डॉली शर्मा आज अपने चुनाव कार्यालय अम्बेडकर रोड से अपना रोड शो शुरू करेंगी। वह सुबह 9.30 बजे अपने मुख्य चुनाव कार्यालय अम्बेडकर रोड से रोड शो शुरू कर मालीवाड़ा चौक पर पहुंचेंगी। इसके बाद वो डासना गेट, रमतेराम रोड, जीटी रोड होते हुए घंटाघर पहुंचेंगी। यहां पर कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगी और इसी के साथ उनका रोड शो समाप्त होगा।

### भगत सिंह से लेकर दुर्गा भाभी चौक और शहीद पथ तक कनैक्टिविटी

करंट क्राइम। आज प्रचार का अंतिम दिन है और भाजपा तथा कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार पूरा जोर लगायेंगे। वो जनता के बीच रोड शो लेकर आ रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि चुनाव प्रचार में राष्ट्रभक्ति का संदेश देने का प्रयास दोनों ही उम्मीदवारों ने किया है। एक छोर पर कांग्रेस की उम्मीदवार डॉली शर्मा शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपने रोड शो का समापन करेंगी। तो दूसरी तरफ भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग इस छोर पर शहीद पथ पर पहुंचेंगे वो भी शहीदों को श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे। देशभक्ति की ये कनैक्टिविटी रोड शो की सबसे प्रमुख और समापन वाली ऐक्टिविटी रहेगी।

### स्वाभिमान के लिए आगे आयें वोट करें : नन्द किशोर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बसपा से लोकसभा उम्मीदवार ठाकुर नन्द किशोर पुंडीर ने गाजियाबाद की जनता से अपील की है कि आप सब स्वाभिमान के लिए आगे आयें और वोट करें। विपक्ष की दोनों पार्टियों की दमनकारी नीतियों की वजह से सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बांटने का काम हुआ है। जनता से अपील है कि बहन मायावती जी के कार्यकाल को याद करें। 26 अप्रैल को सामाजिक समरसता, सद्भाव और अपने स्वाभिमान के लिए वोट करें। आपका एक वोट छोटे व्यापारियों, लघु कुटीर उद्योगों, किसान, युवा, महिलाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। हाथी का बटन दबाकर मुझे विजयी बनायें।

## 23 की आंधी बारिश ने बढ़ाई प्रशासन की मुश्किलें, 26 को मौसम रहेगा गर्म

### बदलता मौसम कर सकता है मतदान को प्रभावित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मतदान होना है और यह दूसरे चरण का देशभर में मतदान क्रम रहेगा। मंगलवार की दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया। तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी और आंधी तूफान ने मौसम के मिजाज को बदल दिया है। तो वहीं चुनावी ड्यूटी की तैयारियों में जुटे पुलिस-प्रशासन की टेंशन थोड़ी बढ़ गई है। वहीं कमला नेहरू नगर, कवि नगर और पुलिस लाइन में कई जगह टेंट, कुर्सियां गिर गए। वहीं जो पोलिंग पार्टी रवाना करने के लिए जो तैयारी चल रही थी, उसमें व्यवधान पड़ गया। इसी के साथ मौसम भी परिवर्तित कुछ देर के लिए हुआ है। अभी यह मौसम आने वाले दिनों में कैसा बना रहेगा कहना मुश्किल है लेकिन मंगलवार को जिस तरीके से अचानक आंधी बारिश वाला माहौल बदला है उसे 26 अप्रैल की प्रशासन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वैसे अभी गूगल यह संकेत दे रहा है कि 26 अप्रैल को गाजियाबाद का मौसम साफ रहेगा और अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा।

### कमला नेहरू नगर मैदान में तैयारी हुई तेज, पहली बार दिखे पिंक टॉयलेट





करंट क्राइम : 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों को पुलिस-प्रशासन ने अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मतदान के लिए जो पोलिंग पार्टियों रवाना किया जाना है, वह है लोनी क्षेत्र के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल साहिबाबाद शहबाजपुर लोनी से भेजी जानी हैं। तो कवि नगर रामलीला मैदान की पोलिंग पार्टियों मुरादनगर और मोदी नगर को जाएंगी। इसी के साथ केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर के ग्राउंड से साहिबाबाद विधानसभा गाजियाबाद विधानसभा और धौलाना आंशिक के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाना है। यहां प्रशासन नगर निगम और अन्य विभागों की ओर से साफ-सफाई, पेड़ों की छंटाई, पानी का छिड़काव का काम शुरू कर दिया है। इसी के साथ महिला पुलिसकर्मियों और चुनावी ड्यूटी में जाने वाली महिला स्टाफ को किसी प्रकार की असुविधा न हो, उनके लिए पहली बार यहां पिंक टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही नगर निगम के पानी के टैंकर और लाइटिंग के साथ ही टेंट और टेबल की व्यवस्था भी कर दी गई है।

### पुलिस लाइन के मैदान में वाहनों को जुटाने का काम तेज





करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद के अंतर्गत 841 मतदान केंद्र और 3157 मत देय स्थल हैं। यहां सभी स्थानों पर पोलिंग पार्टियां रवाना की जानी है। इसके लिए भारी संख्या में बसें, स्कूल वैन, एसयूवी वाहन और प्राइवेट टैक्सियों में अन्य वाहनों की व्यवस्था प्रशासन, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से की जा रही है। जिसके लिए वाहनों को इकट्ठा करने का काम पुलिस लाइन के मैदान में शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को यहां कुछ आरटीओ कर्मियों और वाहन जमा कर रहे वाहन चालकों की नोंकझोंक की वीडियो भी वायरल हुई थी।

## ऑब्जर्वर हैरान, नहीं हो रहा किसी भी प्रत्याशी के खर्चे का मिलान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। जिसमें प्रेषक सौरभ नायक व टी अरिवाझगन की अध्यक्षता में लोकसभा प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेड्यूल रजिस्टर मिलान की तृतीय थी। बैठक में कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधि अनुपस्थित मिले। तो वहीं कई प्रत्याशियों के व्यय के रजिस्टर में भी लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं मिला है। जिसको लेकर प्रेक्षकों ने नाराजगी जाहिर की है।





### व्यय विवरण लेखा-जोखा देखा गया

**करंट क्राइम :** बैठक में लोकसभा प्रत्याशी भाजपा के प्रतिनिधि के रूप में केवी सिंह, कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में अतुल शर्मा, बसपा प्रतिनिधि लोकेश कुमार, राष्ट्रीय निर्माण प्रतिनिधि चंद्र मौली शर्मा, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के प्रतिनिधि अंशुल गुप्ता, समाज कल्याण पार्टी से प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, राइट टू रिकॉल पार्टी की प्रत्याशी पूजा सक्सेना, अभिषेक कुमार पुंडीर निर्दलीय, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय, नत्थू सिंह चौधरी व आनंद सिंह निर्दलीय उपस्थित रहे।

### प्रत्याशियों के व्यय खातों में मिला अंतर


**करंट क्राइम :** बैठक में शेडो रजिस्टर का मिलान करने पर प्रत्याशियों के व्यय में अंतर पाया गया है। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप टू डेट नहीं पाई गई है। वहीं प्रत्याशियों के बैंक खाते से कोई लेनदेन नहीं किया गया है। जनता के अवलोकन के लिए भी खर्च का पूरा ब्यौरा रजिस्टर डीईओ पोर्टल डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफीसर गाजियाबाद के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यह नहीं हुए उपस्थित

सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से धीरेंद्र सिंह भदौरिया और रवि कुमार पांचाल निर्दलीय बैठक में उपस्थित नहीं हुए। जिसको लेकर प्रेक्षकों ने नोटिस जारी कर दिया है।

## 36 दिन में गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मिलीं 2265 आचार संहिता उल्लंघन और अन्य शिकायतें

**2245 का निराकरण और 11 बची हैं अभी शेष**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता 16 मार्च को लग गई थी और 16 मार्च से लेकर 20 अप्रैल तक गाजियाबाद जिला प्रशासन और चुनाव आयोग को तीन माध्यमों से कुल 2256 शिकायतें मिली हैं। इसमें राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर 2173, स्थानीय स्तर पर 52 और सीविसिल एप के माध्यम से 31 शिकायतें निर्वाचन कार्यालय गाजियाबाद और जिला निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त हुई थी।

### 2245 को किया गया हल

**करंट क्राइम :** बीते 36 दिनों के दौरान गाजियाबाद प्रशासन को चुनावी आचार संहिता उल्लंघन और उसमें अलग-अलग मामलों की कुल 2256 शिकायतें मिली थी। जिसमें से 2245 का निस्तारण कर दिया गया है। इसमें राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर 2165 शिकायतें समाप्त की गई हैं। तो वहीं लोकल स्तर पर 49 शिकायतों को प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने स्तर से जांच पड़ताल कर समाप्त किया है। वहीं आचार संहिता की और चुनावी शिकायतों को दूर करने के लिए सीविजील ऐप पर 31 शिकायतें समाप्त की गई हैं। अब गाजियाबाद में कुल 11 शिकायत शेष हैं। जिसमें राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल की आठ और लोकल स्तर पर की गई तीन शिकायतों का परिणाम आना शेष है।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए बागपत जाना था। वह हिंडन एयरबेस पर पहुंचे तो अचानक मौसम खराब होने के कारण उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नही भर सका। अखिलेश यादव ने हिंडन एयरबेस पर ही पूर्व विधायक हाजी जाकिर से मुलाकात की ओर चुनावी तैयारी को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर यहां पूर्व विधायक असलम चौधरी, सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, विशाल वर्मा, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हनुमार जयन्ती पर श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भंडारे का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर ई ब्लॉक कवि नगर गाजियाबाद पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सदस्य बालकिशन गुप्ता तथा समाजसेवी योगेश सिंघल ने किया।

हजारों लोगों ने भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर सभी ने 26 अप्रैल को क्षेत्र में गाजियाबाद में 80% से ऊपर मतदान कराने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बाल किशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, रितेश शर्मा, आशु पंडित, मनोज गुप्ता, अनिल त्यागी, योगेश सिंघल, हर्ष सिंगल, पवन गुप्ता, राजेश शर्मा, अरुण सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी मंदिर समिति ने अंबेडकर रोड नेहरू केंद्र के सामने मनाया बजरंगबली जन्मोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री बालाजी मंदिर समिति द्वारा अंबेडकर रोड नेहरू केंद्र के सामने, श्री बालाजी मंदिर में मंगलवार को बजरंगबली के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया गया।इस उत्सव में बालाजी महाराज को 151 शुद्ध सोने के वर्क का चोला श्रृंगार किया गया तथा विभिन्न प्रकार के छप्पन भोग का भोग लगाया गया।

आने वाले भक्तजनों के लिए चाय नाश्ते के साथ विभिन्न प्रकार के प्रसाद की व्यवस्था भी मंदिर समिति द्वारा की गई। मंगलवार शाम को 6:00 बजे से बाबा के जन्मोत्सव पर बहुत ही भारी उत्सव का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया गया, जिसमें 3 बड़े सुंदर कलाकार बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे इसके बाद 9:00 बजे बाबा को भोग लगाया जाएगा एवं रात को 10:00 बजे सुंदर आतिशबाजी का आयोजन भी मंदिर समिति द्वारा किया गया।

सुबह श्रृंगार एवं आरती के समय मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री अशोक जिंदल जी, कार्यवाह अध्यक्ष अमित जिंदल, महामंत्री अनुराग कंसल, अजय अग्रवाल, प्रवीण जी अर्चित, ललित, संजय एवं बहुत सारे भक्तगण मंदिर में बाबा की सेवा के लिए उपस्थित रहे।

# मेरठ के हर्रा में अखिलेश यादव की जनसभा स्थगित, इंतजार करते रहे समर्थक

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आज सिवालखास विधानसभा के गांव हर्रा में बागपत लोकसभा सीट के प्रत्याशी के समर्थन में रैली करनी थी लेकिन आखिरी वक्त पर अखिलेश की यह रैली स्थगित हो गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज दोपहर सिवालखास विधानसभा के गांव हर्रा में बागपत लोकसभा सीट के प्रत्याशी के समर्थन में रैली के लिए पहुंचना था लेकिन एन वक्त पर उनका जनसभा में आना निरस्त हो गया। वहीं अन्य कार्यकताओं ने जनसभा स्थल पर मंच संभाले रखा। वहीं रैली स्थल पर समर्थक अखिलेश यादव का इंतजार करते रह गए। रैली में स्थानीय कार्यकर्ता मंच पर मौजूद हैं। वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करना था लेकिन आखिरी वक्त में उनका आना रद्द हो गया। वहीं समर्थक जनसभा स्थल पर मायूस नजर आए।




# एसआरएम में दो दिवसीय राष्ट्रीयस्तर का तकनीकी समारोह इनोवेट-2024 का आयोजन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का तकनीकी समारोह इनोवेट-2024 का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनायक गोडसे भारतीय डेटा सुरक्षा नोएडा विंग के सीईओए संस्थान के निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन, डीन डॉ0 आरपी महापात्रा, डीन साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ0 नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट डॉ0 एनएम मिश्रा, डीन आईक्यूएसी प्रोफेसर धौम्या भट्ट व हेड ईसीई डॉ0 रूपाली सिंह ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। समारोह के कुछ मुख्य इवेंट्स स्टार्टअप पिच इन, बीटेक छात्रों के लिए भविष्य के अवसरों पर बोली गई बात, डेटा विश्लेषण और विजुअलाइजेशन वर्कशॉप, क्रिप्टिक हंट, कोड पेन चैलेंज, प्रॉम्प्टरश, टेक एस्केप रूम, रोबो युद्ध, रोबो रेस, असेंशन आदि प्रमुख रहें। संस्थान के निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन व डीन आरपी महापात्रा ने एसआरएमआईएसटी एनसीआर के छात्रों के उत्साह को प्रोत्साहित किया। निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन ने प्रौद्योगिकी के संबंध में मूल्यवान विचारों और रायों का रोमांचक, प्रेरणादायक और प्रेरक प्रस्तुत किया। उन्होंने इंक्यूबेशन केंद्र के महत्व को बताया और छात्रों को आश्वासन दिया कि एसआरएमआईएसटी उनका समर्थन करेगा ताकि वे नई तकनीकी और नवाचारी विचारों को सामने ला सकें और संभावित अवसरों की पहचान कर सकें। मुख्य अतिथि विनायक गोडसे ने बताया कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है और छात्रों को विभिन्न टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। इवेंट के आयोजन में विभिन्न विभागों के एचओडी, शिक्षकों और छात्रों का योगदान सराहनीय है।



# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने राजनगर स्थित जिला न्यायालय परिसर में चलाया जनसंपर्क अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) के गाजियाबाद लोकसभा से उम्मीदवार लगातार जनता के बीच जाकर अपने विकास के रोड मैप और क्षेत्र के लिए अपने इरादों से जनता को अवगत करा रहे हैं। इसी श्रृंखला में मंगलवार को राजनगर स्थित जिला न्यायालय परिसर में सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अधिवक्तागणों व उपस्थित जनता के मध्य जनसम्पर्क अभियान चलाया जिसमें प्रत्येक चैंबर पर जाकर धीरेन्द्र सिंह भदौरिया ने अपनी पार्टी के घोषणा पत्र को सभी के साथ साझा किया। पार्टी की विचारधारा से लोग भी प्रभावित हुए और उन्होंने अलमारी निशान पर बटन दबा कर उनका समर्थन करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

# हनुमान जयंती पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को कई स्थानों पर भंडारों को आयोजन किया गया।जिसमें सैकडों की संख्या में लोगों ने भंडारों के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। हरमुखपुरी स्थित मोदी शुगर मिल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एनपी ब ंसल के आवास पर स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारों को आयोजन किया गया। यंहा पूजा अर्चना के बाद शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहें। इसके अलावा नगर पंचायत मैन बाजार निवाड़ी में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें छोले चावल का प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर परभाकियू दिल्ली एनसीआर के उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, विशाल गर्ग, शुभम गर्ग, सभासद नितिन बंसल, कपिल बॉस, विनीत त्यागी, सिआनंद गर्ग, लव कुश त्यागी, कुलदेव त्यागी, सागर त्यागी, मुकेश त्यागी, योगेंद्र त्यागी आदि मौजूद रहें, वही मोदीनगर में दिल्ली- मेरठ हाइवे पर अनेक स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ ओर मंदिरों में हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुये श्रद्धालुगण देखें गयें।

# पार्षद डॉ अनिल तोमर ने कार्यकर्ताओं के साथ जनसम्पर्क कर बांट रहे सोसायटियों में पर्चा

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 98 के पार्षद डॉ अनिल तोमर कार्यकताओं के साथ वार्ड की सोसायटियों में सुबह और शाम को कार्यकताओं के साथ मिलकर अहिंसा खंड 2 इंदिरापुरम के नीहो स्कोटिश सोसायटी मे अपनी टीम के साथ पर्ची वितरण का कार्य किया। इस मौके पर डॉ बीके वर्मा , प्रदीप गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, ज्योति आदि सोसायटी के लोगों व महिलाओं ने सहयोग किया। ओर लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में शत-प्रतिशत वोट डालने की अपील की गई। डॉ अनिल तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने की पूरी शक्ति से काम करने की बात कही गई। वही महानगर महिला मोर्चा मंत्री व शक्ति केंद्र संयोजक सुषमा गंगवार ने कहा भाजपा सरकार ने हमारे भारत के गौरव को बढ़ाया है, हमे हर जगह सम्मान, सुरक्षा, सशक्त ,आत्म निर्भर बनाया है ऐसी सरकार की एक बार नही बार जरूरत है देश को । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से भरी मतों से जीतन है।इसलिए अपना वोट सही जगह ,सोच समझ कर डाले और अपने देश की सरकार को मजबूती प्रदान करे।महानगर महिला मोर्चा मंत्री एवम शक्ति केंद्र संयोजक सुषमा गंगवार , बूथ अध्यक्ष अशोक लवानिया , सत्य प्रकाश, अंजू सिन्हा , स्वाति चौरसिया , नीता राय , शैली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# तुराब नगर बाजार में महापौर ने मांगे भाजपा सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए वोट

## पार्षद नीरज गोयल की अगुवाई में हुआ बाजार में भव्य कार्यक्रम

## डोर टू डोर कैम्पनिंग में महापौर का हुआ भव्य स्वागत, हुआ सम्मान, पूरा बाजार रहा उत्साहित

- दुकान से लेकर मकान तक और ठेली, रेहड़ी,रिक्शा एवं सभी छोटे बड़े व्यापारियों से की भाजपा को बड़ी संख्या में जीतने की अपील
- फिर से मोदी की गारंटी के लिए हो जाये तैयारः महापौर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 88 तुराब नगर मुख्य बाजार में महापौर सुनीता दयाल ने भाजपा सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग की भव्य जीत के लिए वोट मांगे साथ ही पत्रक देकर सभी को वोट डालने के लिए भी जागरूक किया। जिसमें पार्षद नीरज गोयल,पार्षद अमित त्यागी,पार्षद अजीत निगम, मीना गांधी, पायल खत्री, रजनीश बंसल, राकेश काका मुख्य रूप से उपस्थित रहे।महापौर द्वारा डोर टू डोर कैम्पनिंग कर बाजार में उत्साह का माहौल बनाया गया। जिससे लोग भाजपा के समर्थन में आये और भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत का आश्वासन भी दिया। इस दौरान बाजार में व्यापारियों ने जगह-जगह महापौर का स्वागत अभिनंदन किया, कही श्री राम मंदिर तो कही श्री राम की प्रतिमा दी, तो कही पगड़ी पहनकर बुके पुष्प वर्षा सहित मालाएं पहनाई।महापौर सुनीता दयाल ने दुकान से लेकर मकान तक और ठेली, रेहड़ी,रिक्शा एवं सभी छोटे बड़े व्यापारियों को पत्रक देकर बताया कि वोट देना हम सभी का दायित्व है इस लिए वोट जरूर डाले और मोदी जी देश को विश्वगुरु बनाने की तरफ ले जा रहे है जिसमे हम सभी का सहयोग अति आवश्यक है मोदी जी को अपना सहयोग देने के लिए केवल भाजपा को वोट देने से ही उचित है इस प्रकार महापौर ने लोगो को जागरूक कर भाजपा को बड़ी संख्या में जीतने दिलाने की अपील कर यह भी बताया कि देश मे प्रदेश में और शहर में किसी भी प्रकार की समस्या से परेशान न हो और फिर से मोदी की गारंटी के लिए तैयार हो जाए।इस दौरान महापौर ने यह भी बताया कि बाजार में डोर टू डोर प्रचार का कार्यक्रम पार्षद नीरज गोयल की नेतृत्व में हुआ है सभी व्यापारी भाइयों ने भरपूर समर्थन दिया है जिसके लिए हम लोग ऋणी रहेंगे।

# अरविंद केजरीवाल की बढ़ी न्यायिक हिरासत, सात मई को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल और के कविता की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सात मई तक के लिए बढ़ गई है।दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला से संबंधित ईडी मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है।

**कोर्ट ने 23 अप्रैल तक बढ़ाई थी केजरीवाल की न्यायिक हिरासत :** बीती 15 अप्रैल को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। उन्हें 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वस्तुतः पेश किया गया। अदालत ने कहा कि वह हिरासत को 23 अप्रैल तक बढ़ा रही है जब सह-अभियुक्त (बीआरएस नेता के कविता) की न्यायिक हिरासत भी समाप्त हो रही है। 22 मार्च को ट्रायल कोर्ट ने उन्हें छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया, जिसे चार दिन के लिए बढ़ा दिया गया। उन्हें 1 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। 10 अप्रैल को दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की



गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि ईडी पर्याप्त सामग्री, अनुमोदकों और आप के अपने उम्मीदवार के बयान पेश करने में सक्षम था, जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल को गोवा चुनाव के लिए पैसे दिए गए थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा की पीठ के उक्त आदेश को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी है। केजरीवाल ने ईडी द्वारा उन्हें जारी किए गए नौ समन को नजरअंदाज कर दिया था। इस मामले में आप नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह भी आरोपी हैं। जबकि सिसौदिया अभी भी जेल में हैं, सिंह को हाल ही में ईडी द्वारा दी गई रियायत के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी।

इससे पहले, ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ शहर के राउज एवेन्यू कोर्ट में दो आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें उन पर समन का पालन न करने का आरोप लगाया गया था। केजरीवाल ने समन को गैरकानूनी बताते हुए नजरअंदाज कर दिया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली उत्पाद शुल्क घोटाले के किंगपिन हैं और 100 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय के उपयोग में सीधे तौर पर शामिल हैं। ईडी का मामला है कि कुछ निजी कंपनियों को थोक व्यापार में 12 प्रतिशत का लाभ देने की साजिश के तहत उत्पाद शुल्क नीति लागू की गई थी, हालांकि मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठकों के मिनटों में ऐसी शर्त का उल्लेख नहीं किया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने यह भी दावा किया है कि थोक विक्रेताओं को असाधारण लाभ मार्जिन देने के लिए विजय नायर और साउथ ग्रुप के साथ अन्य व्यक्तियों द्वारा एक साजिश रची गई थी। एजेंसी के मुताबिक, नायर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया की ओर से काम कर रहे थे।

### केजरीवाल को अंतरिम जमातन की मांग करने वाले को फटकार

बीते सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति व अन्य मामलों में मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने की मांग करने वाले कानून के छात्र के प्रति कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने उनसे पूछा आपको यह वीटो शक्ति कहां से मिलती है? क्या आप संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं? यदि तुमने निर्णय ही कर लिया है तो यहां क्यों आये हो? केजरीवाल को आपकी सहायता या आपके निर्णय की आवश्यकता नहीं है। वहीं केजरीवाल ने भी याचिका पर आपत्ति जताते हुए इससे कानून का दुरुपयोग बताते हुए याचिकाकर्ता की सहायता लेने से इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि कानून का स्थापित सिद्धांत यह है कि पीड़ित पक्ष को अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। पीठ ने कहा कि निस्संदेह जनहित याचिकाओं में लोकस स्टैंडी की भूमिका में छूट दी गई है, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए कि गरीबों या सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े या विकलांग व्यक्तियों को उनके अधिकारों से वंचित न किया जाए। इसमें कहा गया कि केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं और उनके पास अदालत का दरवाजा खटखटाने के साधन हैं, जो वास्तव में उन्होंने उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के समक्ष किया है। पीठ ने कहा नतीजतन इस अदालत का मानना है कि अधिकार क्षेत्र के सिद्धांत में किसी ढील की जरूरत नहीं है।

# वार्ड 80 राजेन्द्र नगर में महापौर ने की चुनावी सभा

## राजेन्द्र नगर में महापौर ने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए मांगे वोट

- मोदी है तो मुमकिन है कहकर महापौर ने बनाया उत्साह का माहौल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 80 राजेन्द्र नगर में महापौर सुनीता दयाल ने चुनावी सभा कर भाजपा सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए वोट मांगे साथ ही भारी मतों से जीत एवं सभी को वोट डालने की अपील भी की है जिसमे महापौर ने बताया कि पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक शर्मा ने भाजपा में शामिल होते ही ताबड़ तोड़ सभाए एवं डोर टू डोर कार्यक्रम करवा रहे है यह दोनों लोग परिवार की जिम्मेदारी को भली भांति समझते है इसलिए लगातार कार्य कर रहे है और आज आप सभी को यहा एकित्र किया गया है उसका भी यही महत्व है कि हमे अपनी जिम्मेदारी निभाने का समय आ गया है हम अपने घर के मुखिया सच्चे एवं अच्छे व्यक्ति को बनाए यह है हमारी जिम्मेदारी , अब आप मोदीकी गारंटी लेने के लिए तैयार हो जाए भाजपा को वोट डालकर अपने प्रत्याशी अतुल गर्ग को विजयी बनाये ओर मोदी जी को फिर से भारत का प्रधानमंत्री चुने जिससे हम सभी वैश्विक महामारी,आतंकी हमलों, भूख से ने मरे, बल्कि मोदी जी के हाथ मे देश की कमान देकर विश्व के सभी देशों को भारत से पिछड़ दे ताकि हमारा देश विश्वगुरु बन सके और सभी लोगो से अपील है कि आने वाली 26 तारिक को पहले मतदान फिर दूजा काम करें।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 नई दिल्ली।। बुधवार 24 अप्रैल -2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# निष्पक्ष, पारदर्शी लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन विभाग है पूरी तरह तैयार

## जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने ट्रेनिंग शिविर में बताये प्रमुख आधार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। सुरक्षा बल आ चुके हैं और पोलिंग पार्टियों का ट्रेनिंग शिविर कम्पलीट हो गया है। मंगलवार को ट्रेनिंग शिविर कम्पलीट हुआ और उसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी को मतदान के प्रमुख आधार बताये। उन्हें ये बताया कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। इसमें सहनशीलता और जिम्मेदारी का मूल मंत्र भी दिया गया। जनता को बताया गया कि यदि कोई चुनाव प्रचार हो रहा है तो उसकी सूचना व्हाट्सऐप नंबरों पर दें। निष्पक्ष, पारदर्शी लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद का जिला निर्वाचन विभाग पूरी तरह तैयार है। मंगलवार को आईटीएस कॉलेज में चल रहा ट्रेनिंग शिविर पूरा हुआ।

### प्रशिक्षण शिविर में माइक्रो ऑब्जर्वरों को बतायी गई उनकी जिम्मेदारी और समझाया गया कार्य करने का तरीका

करंट क्राइम। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल के नेतृत्व में आईटीएस कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। बताते चलें कि पूर्व में जिन कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया गया था, उनमें से लगभग सभी ने मंगलवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है। समापन दिवस पर माइक्रो ऑब्जर्वर, जोनल मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, प्रेक्षक (सामान्य) अरुण कुमार सिन्हा, कार्मिक प्रभारी अभिनव गोपाल द्वारा निर्वाचन के सम्बंध में जानकारी दी गयी। प्रेक्षक (सामान्य) अरुण कुमार सिन्हा द्वारा माइक्रो ऑब्जर्वरों को सूक्ष्मता के साथ उनकी जिम्मेदारी और कार्य करने के तरीके को समझाया गया।





### हमें गर्व है हम हैं लोकसभा चुनाव के सहयोगी : इन्द्र विक्रम सिंह

करंट क्राइम। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्मिकों को बताया कि उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मैं देख रहा हू कि लोगों को निर्वाचन के कार्य में रुचि नहीं है। अधिकतर लोग मेरे पास आते हैं और अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए निवेदन करते हैं, जबकि होना इसके उलट चाहिए था कि लोग मेरे पास आते और कहते कि हमारी भी ड्यूटी निर्वाचन में लगाई जाए। हम भी चुनाव के इस महापर्व में अपना श्रेष्ठ व अहम योगदान देना चाहते हैं, ताकि हम गर्व से कह सकें कि हमारे द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में स्वतंत्र, शांतिपूर्वक, सकुशल चुनाव कराया गया। हमें गर्व है कि हमने गाजियाबाद में सकुशल चुनाव कराते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाया है। किसी भी कार्य को सकुशल और शांतिपूर्वक कराने के लिए सबसे पहले आपके अन्दर उस कार्य को करने के लिए रुचि होनी चाहिए, जब रुचि होगी तभी आप उस कार्य को शत–प्रतिशत सम्पन्न कर पाएंगे। इसलिए निर्वाचन कार्य को दिल से करें और इस महापर्व में अपना श्रेष्ठ योगदान दें।

### निगरानी, वक्त का पाबंद और सहनशीलता होंगे निर्वाचन में प्रमुख हथियार

**करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन सकुशल सम्पन्न करने हेतु मूल मंत्र देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य को सकुशल सम्पन्न करने के लिए आपके महत्वपूर्ण हथियार हैं निगरानी, वक्त का पाबंद रहना, सहनशीलता, प्लान–बी व जिम्मेदारी।

निगरानी : आप अपनी टीम द्वारा किए कार्यों व निर्वाचन उपकरणों व अपने द्वारा किए गये कार्यों की दोबारा जांच करें कि कहीं कोई कमी तो नहीं है।

वक्त का पाबंद रहना : आपके सभी कार्य समय से पूर्व ही पूरे होने चाहिए। जब आपका कार्य शुरू होने का समय हो तब आप बेफ्रिक अपने गन्तव्य पर जा सकें।

सहनशीलता : इस दौरान सभी पर कार्य का बोझ रहता है, इसलिए कुछ लोगों के व्यवहार में क्रोध झलकता है। ऐसे में यदि कोई आपसे कुछ बोल दे तो उस पर ध्यान ना देना।

प्लान–बी : कभी ऐसा होता है कि आपने जो सोचा हो वह ना हो, तो इसके लिए आपके पास प्लान–बी होना बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसी दशा में प्लान–बी ना होने पर आपकी सारी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

जिम्मेदारी : यदि आपने यह सभी कार्य कर लिए हैं तो यह समझ लें कि आपने अपनी जिम्मेदारी लगभग पूरी कर ली है। उन्होंने अंत में कहा कि मेरा विश्वास है कि आप मेरे विश्वास पर खरे उतरेंगे।

### यदि करता है कोई उम्मीदवार प्रचार तो उसकी सूचना दें इन नंबरों पर

करंट क्राइम। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि/रा.)/ प्रभारी अधिकारी- निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण गाजियाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया द्वारा प्रमोशन, बल्क एसएमएस एवं वॉइस कॉल के माध्यम से प्रचार विषयक आयोग के निर्देश में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एसएमएस या वॉयस कॉल के माध्यम से अपना प्रचार किया जाता है तो इसकी सूचना कंट्रोल रूम के निम्न फोन नम्बर पर 0120-2822980-2822981-2822982-2822983 पर शिकायत की जाती है। इसकी सूचना नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण द्वारा निर्धारित व्हाटसएप्प नं. 9555986547 पर दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी कोई सामग्री आम जनता में बंटवाता है और उस सामग्री पर अभ्यर्थी का नाम छपा है तो उसकी भी सूचना दी जा सकती है। अभ्यर्थियों द्वारा फ्रीबीज / नि:शुल्क सामग्री बांटी जाती है तो उसकी सूचना प्रूफ के साथ वाट्सएप्प नंबर पर भेजी जा सकती है।

## पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने की सभी से मतदान की अपील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मतदान की अपील की है। उन्होंने एक वीडियो जारी किया और सभी से मतदान की अपील की। इससे पहले वह सोशल मीडिया से लेकर सभी मंचों से सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे है।



पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। उन्होंने सभी नागरिकों से मतदान की अपील की और कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी के विजन को लाना है तो हमें मतदान जरूर करना है। 400 पार का नारा तभी संभव है जब हम अपने घरों में बैठे ना रहें और मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ना बहुत जरूरी है। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है और यदि हमें मोदी सरकार बनानी है तो मतदान का प्रतिशत बढ़ाना होगा। हमें सबसे पहले अपने बूथ पर जाना है और हमें मतदान केन्द्र पर जाना है। सबसे पहले वोट डालकर आना है।

# चुनावी दौर में पकड़ा गया अभी तक लगभग 4 करोड़ रुपये कैश

गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट और लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग अभियान और टास्क देकर शांतिपूर्वक और बिना किसी वाद विवाद के चुनाव संपन्न करने का अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में अभी तक गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट, आयकर विभाग और एक्साइज विभाग की ओर से अलग-अलग चेकिंग और अन्य माध्यमों के जरिए गाजियाबाद से कुल 3 करोड़ 83 लाख 73 हजार 870 रुपए जब्त करने का काम किया गया है। तो वही लगभग पुलिस और एक्साइज विभाग और अन्य एजेंसियों के द्वारा 3 करोड़ रुपए से अधिक की शराब को जब्त किया गया है। वहीं लगभग 15 लाख रुपए के मादक पदार्थ भी अब तक पकड़े जा चुके हैं।



**3 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब जब्त**

**पुलिस आयकर और एक्साइज विभाग ने की है संयुक्त कार्रवाई**



### स्टेटिक सर्विलांस और फ्लाइंग स्क्वॉड की हैं 36 टीमें मुस्तैद

करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव को बिना किसी धनबल, मादक पदार्थों के इस्तेमाल और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन–तीन स्टेटिक सर्विलांस टीमें यानी कुल मिलाकर लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद में 18 टीमें और इसी के साथ 18 ही फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें अलग–अलग गतिविधियों को रोकथाम के लिए बनाई गई हैं। वहीं 6 वीडियो सर्विलांश टीमें, 6 वीडियो व्यूइंग टीमें और छह सहायक व्यय ऑब्जर्वर भी पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं।



### अन्य सामान भी किया गया है जब्त

करंट क्राइम : पुलिस, आयकर विभाग और एक्साइज के साथ ही अन्य विभागों के द्वारा गाजियाबाद लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जारी अलग–अलग चेकिंग अभियान के तहत लगभग 30 लाख 38000 से अधिक की सोने–चांदी और अन्य धातुओं के सामान जब्त करने का काम किया गया है। वहीं बड़ी संख्या में मादक पदार्थों को जब्त करने का काम किया गया है। जिसमें शराब, गांजा व अन्य सामान शामिल है।

# वोटिंग परसेंटेज को प्रभावित कर सकता है वीकेंड हॉलिडे!



## हाईराइज निवासी, नौकरीपेशा और घुमक्कड़ों ने बना लिया है घर छोड़ने का प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा का मतदान होना है और मतदान को बढ़ाने के लिए बीते लगभग 40 दिनों से प्रशासन अलग-अलग प्रयास करके मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर लगा हुआ है। कभी स्वीप के द्वारा पेंटिंग कंपटीशन कराया गया, तो कभी मैराथन और वॉकथान का आयोजन किया गया। तो वहीं प्रशासन के लिए तीन दिन का वीकेंड बड़ी मुसीबत बन सकता है। हाई राइज सोसाइटी में रहने वाले नौकरीपेशा और घुमक्कड़ लोग अगर सिटी से आउट हो गए तो उनके मतदान को लेकर डाउट खड़ा हो जाएगा। वैसे भी इन दिन को प्रशासन ने सार्वजनिक अवकाश की श्रेणी में ला दिया है। यही वजह है कि कहीं छुट्टी और घूमने के चक्कर में यह लोग वोट देने से भी दूर ना हो जाएं।

### आसपास हैं घूमने के बहुत सारे प्लेस, इसलिए मुश्किल हो सकता है वोटिंग टास्क

**करंट क्राइम :** प्रशासन जहां इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास कर रहा है, तो वहीं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के आसपास के घूमने फिरने के इतने इलाके हैं कि लोग 3 से 4 घंटे में किसी भी डेस्टिनी पर पहुंच जाते हैं। और अपने समय को यहां बिताने लग जाते हैं। मूसरी की पहाड़ियां ,रामनगर, आगरा, नैनीताल, हरिद्वार, ऋषिकेश, जयपुर, आगरा, मानेसर, सूरजकुंड, मथुरा और वृंदावन के साथ ही अनेकों ऐसे स्थान हैं जो गाजियाबाद से तीन से चार घंटे की अधिकतम दूरी में है। लोग यहां अपनी छुट्टी को बिताने के लिए चले जाते हैं और अगर लोगों का ऐसा प्लान हुआ तो मतदान की रफ्तार पर सवाल पैदा हो सकता है। दरअसल गाजियाबाद में शुक्रवार को मतदान है और इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी है। वहीं मतदान वाले दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा ने ऐसे घुमक्कड़ लोगों को एक सुनहरा अवसर दे दिया है।

### गर्मी भी बन सकती है खलनायक

**करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद में मतदान है और गूगल सोर्स बता रहा हैं कि उसे दिन अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहेगा यानी गर्मी चरम पर रहेगी और न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री के आसपास रह सकता है। ऐसे में गर्मी भी मतदान को कहीं ना कहीं खलनायक वाले रोल में प्रभावित कर सकती है।

# चुनाव नतीजा बताएगा चल रही है किसकी हवा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव अब अपने चरम की तरफ बढ़ रहा है। 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा के लिए मतदान होना है। सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और सभी का ये दावा है कि उनका उम्मीदवार जीत रहा है। दावे सभी के हैं लेकिन हवा किसकी चल रही है ये चुनाव नतीजा बतायेगा। वोटर के मन में क्या है ये ईवीएम का बटन बतायेगा। दावे सभी के हैं और हवा किसकी है चुनाव नतीजा बतायेगा। दैनिक करंट क्राइम ने सभी दलों के अध्यक्षों से बात की, उनके कोर्डिनेटर से बात की। सभी ने अपनी अपनी जीत के दावे किये। सबसे बड़ी बात ये है कि सभी दल अपनी जीत का दावा हजारों में तो कर ही नहीं रहे। सभी अपनी अपनी जीत के आंकड़े को लाखों के पार ले जा रहे हैं। अपने अपने तर्क भी दे रहे हैं और वजह भी बता रहे हैं हम इसलिए जीत के करीब हैं। दैनिक करंट क्राइम ने कांग्रेस, भाजपा और बसपा के पदाधिकारियों से बात की।







## सभी दलों के अध्यक्षों ने किये अपनी-अपनी जीत के दावे

### दो लाख से पांच लाख के बीच में होगी कांग्रेस उम्मीदवार की जीत : विजय चौधरी

करंट क्राइम। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने दावा किया कि गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में दो लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगी। उन्होंने इसके पीछे तर्क भी दिया और कहा कि कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार को सर्वसमाज का वोट मिल रहा है। सभी वर्गों में डॉली शर्मा को लेकर एक उत्साह का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि दो लाख से लेकर पांच लाख वोटों से हमारी उम्मीदवार चुनाव जीतेंगी। इतनी बड़ी जीत के पीछे वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे उम्मीदवार की सभी समाजों में लोकप्रियता है और भाजपा के उम्मीदवार का सब जगह विरोध हो रहा है। कांग्रेस ने युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय सहित पांच न्याय गारंटी दी है। हमारी उम्मीदवार डॉली शर्मा गाजियाबाद के विकास के मुद्दे पर लड़ रहीं हैं वो गाजियाबाद के स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनावी मैदान में हैं। विजय चौधरी ने दावा किया कि हमारे प्रत्याशी की लोकप्रियता सभी समाज में है और यह वोट में तब्दील होने जा रही है।



### ढाई लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर : कुलदीप कुमार

करंट क्राइम। बसपा के स्टार प्रचारक पूर्व जिलाध्यक्ष तथा मुख्य प्रभारी मेरठ मंडल कुलदीप कुमार ओके से करंट क्राइम ने चुनाव नतीजे को लेकर बात की। कुलदीप कुमार ने दावा किया कि उनकी पार्टी के कैडर वोट सहित उन्हें सभी वर्गों का वोट मिल रहा है। उन्होंने यहां त्रिकोणीय समीकरण की बात कही और कहा कि बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर के लिए डीएमटी समीकरण मजबूती दे रहा है। उन्होंने कहा कि बसपा उम्मीदवार को दलित मुस्लिम और ठाकुर वोटों की लामबंदी का लाभ मिल रहा है। यहां उन्होंने दावा किया कि बसपा के उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ढ़ाई लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह भी यह है कि भाजपा से अब आम आदमी और आम व्यापारी परेशान हो चुका है। इसलिए सवर्ण समाज ने भी अब ठान लिया है कि बसपा को ही जिताना है। भाजपा से जो वोटर नाराज है वो बसपा को वोट देगा। ठाकुर समाज का वोट बसपा को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा से नाराज वोटर सपा और कांग्रेस गठबंधन पर नहीं जायेगा वो बसपा के साथ आयेगा।



### आठ लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग : सतपाल प्रधान



करंट क्राइम। भाजपा के जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में ये दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को लाभ दिया है। भाजपा ने विकास के विजन पर काम किया है। भाजपा को लेकर जनता में गजब का उत्साह है। देश की जनता लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर वोट देने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली की पूरी जनता प्रशंसक है। भाजपा के जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने दावा किया कि भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग आठ लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे। यह एक रिकार्ड जीत होगी और भाजपा की सबसे बड़ी जीत गाजियाबाद लोकसभा से होने जा रही है। भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग यहां सबसे बड़ी जीत हासिल करेंगे और आठ लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे।

## संपादकीय

# कांग्रेस बनाम वाम मोर्चा

इतिहास में झांकें, तो कांग्रेस और खासकर सीपीएम दोनों दुश्मन भी रहे हैं और अवसरवादी मित्र भी रहे हैं। प्रसंगवश 2004 का उल्लेख करता हूं। कांग्रेस 145 सीटें जीत कर लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा 138 सीटें ही जीत पाई थी। अर्थात जनादेश त्रिशंकु था, लिहाजा खिचड़ी सरकार ही बननी थी। उस लोकसभा में वामदलों के कुल 61 सांसद जीत कर आए थे। यह उस दौर में वाम की सबसे शानदार और बड़ी चुनावी जीत थी। तत्कालीन सीपीएम महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने मध्यस्थता की और कांग्रेस के नेतृत्व में, भाजपा-विरोधी दलों को जोड़ कर, यूपीए का गठन किया। सोनिया गांधी को उसका अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनाए गए और सीपीएम सांसद सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर का पद देकर वाममोर्चे को नवाजा गया। परोक्ष रूप से तब केंद्र में वाम मोर्चे की ही सरकार थी, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण निर्णय वाममोर्चे की सहमति से ही लिए जाते थे। कांग्रेस-वाम मित्रता की यह मिसाल कुछ और राज्यों में भी देखी गई, जहां दोनों ही दल विपक्षी गठबंधन के घटक थे। बंगाल, केरल, त्रिपुरा में वाम और कांग्रेस के बीच राजनीतिक शत्रुता बनी रही। केरल में तो दो ही मोर्चे सक्रिय रहे-वामदलों के नेतृत्व वाला फ्रंट तथा कांग्रेस नेतृत्व वाला यूनाइटेड फ्रंट। दोनों ही दल और मोर्चे मौजूदा विपक्षी गठबंधन इंडिया के भी औपचारिक घटक हैं। यूपीए के आखिरी दौर में परमाणु करार के मुद्दे पर मनमोहन सरकार से वाममोर्चे ने समर्थन वापस ले लिया, लेकिन तब मुलायम सिंह यादव की सपा और अन्य सांसदों के समर्थन से सरकार बची थी, लेकिन 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद जो भी विपक्षी गठबंधन बना, उसमें कांग्रेस और वामपंथी दोनों ही रहे। चूंकि अब लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, लिहाजा बंगाल, केरल और त्रिपुरा में दोनों ही पक्ष कट्टर प्रतिद्वंद्वी की भूमिका में हैं।

केरल तो कांग्रेस के लिए चुनावी जीवन-रेखा है। 2019 के आम चुनाव में केरल में कांग्रेस नेतृत्व के यूनाइटेड फ्रंट ने 20 में से 19 सीटें जीत कर वाम को ध्वस्त कर दिया था। वाम का एकमात्र सांसद चुना गया था। हालांकि तमिलनाडु में वाममोर्चे के 2 सांसद चुने गए थे। कांग्रेस के कुल 52 सांसद चुने गए थे, जिसमें केरल के 15 सांसद थे। इस बार वाममोर्चा यूं ही हथियार डालने को तैयार नहीं है, लिहाजा शब्दों और अलंकारों की लड़ाई शुरू हो गई है। कांग्रेस और वाम एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने की राजनीति कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को केरल में भी है। मुख्यमंत्री पी. विजयन ने फरवरी में ही कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए चुनाव-प्रचार शुरू कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा को एकाधिकारवादी करार दिया। इस बार वायनाड की सीट पर राहुल गांधी का चुनाव भी आसान नहीं है। उनके खिलाफ सीपीआई की उम्मीदवार एनी राजा को उतारा गया है, जो सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी हैं और राजनीतिक तौर पर खूब सक्रिय रही हैं। वाम की पूरी सरकार उनके साथ प्रचार में व्यस्त है।

# हाईकोर्ट ने सरकारी बैंकों पर दिया बड़ा आदेश

## कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ जारी एलओसी हो जाएगी रद्द



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद्द हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया।

पीठ ने कहा कि आव्रजन एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि "भारत के आर्थिक हित" वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के "वित्तीय हितों" से नहीं की जा सकती है।

## '12 साल तक के बच्चों को उड़ान के दौरान अभिभावक के साथ ही सीट मिले'



**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एयरलाइनों को 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कम से कम उनके माता-पिता या अभिभावक के साथ सीट आवंटित करनी चाहिए जो एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हों। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार (23 अप्रैल) को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एयरलाइनों को 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कम से कम उनके माता-पिता या अभिभावक के साथ सीट आवंटित करनी चाहिए जो एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हों। डीजीसीए ने कहा, एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेगी कि 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कम से कम उनके माता-पिता या अभिभावकों में से एक के साथ सीट आवंटित की जाए, जो एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हैं और इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा।

## विनिर्माण क्षेत्र में 40 फीसदी तक पहुंच सकती है महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी, 70 प्रतिशत ग्रामीण



**नई दिल्ली।** महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की मांग में तेज वृद्धि हुई है। कारखाने अब लैंगिक समानता को अपना रहे हैं।

इस साल के अंत तक उम्मीद है कि विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या 40 फीसदी तक पहुंच सकती है। टीमलीज के अनुसार, 8 से 10 महीने में 10 वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाली महिला प्रशिक्षु को नियुक्त करने की मांग में पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। 70 फीसदी महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों से विनिर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षु के रूप में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। यह कौशल विकास तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिये इन क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर का संकेत देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हर महीने 1,000-2,000 महिला प्रशिक्षुओं की मांग थी। यह बढ़कर अब 10,000 से 12,000 प्रति महीने पहुंच गई है। वहीं, इनकी भर्तियां भी 10-15 फीसदी से बढ़कर 40-45 फीसदी पहुंच गई है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पत्नी पति को फोन मिलाती है और पूछती है कहां हो?
पति- याद है, पिछली दीपावली पर हम एक ज्वैलरी की दुकान में गये थे, वहां तुम्हें एक हार पसंद भी आ गया था।
पत्नी- हां याद आया।
पति- और उस समय मेरे पास पैसे नहीं थे।
पत्नी (खुशी से)- हां, हां याद है।
पति- और फिर मैंने कहा था कि ये हार एक दिन मैं तुम्हें दूंगा।
पत्नी (और ज्यादा खुशी से)- हां, हां, हां.. बहुत अच्छी तरह से याद है।
पति- तो बस उसी के बगल वाली दुकान में बाल कटवा रहा हूं, थोड़ा लेट आऊंगा

---

पति-पत्नी में किसी बात पर झगड़ा हो गया...
पत्नी- अब मैं 10 तक गिनूंगी... अगर, तुम ना बोले तो... मैं जहर खा लूंगी, पत्नी- एक...
पति- खामोश
पत्नी- दो... पति- फिर भी चुप्प
पत्नी- बोलो ना प्लीज... पत्नी का रोना शुरू...
पति- गिनती गिन... गिनती
पत्नी- शुक्र है! आप बोले तो, नहीं तो मैं जहर खाने ही वाली थी...।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम होता है।

# 2024-25 में पांच साल के निचले स्तर पर आएगी खुदरा महंगाई

## वित्त वर्ष में सामान्य रहेंगी सब्जियों के दाम



**नई दिल्ली।** उत्पादों में सोने और चांदी की कीमतें मार्च, 2024 से बढ़ रही हैं। अप्रैल, 2024 में इनके दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। बीएसई पर सोने की हाजिर कीमत 73,092 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की 83,777 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आगे भी कीमतें ऊंची बनी रहेंगी।

खुदरा महंगाई चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर पांच साल के निचले स्तर पर आ सकती है। सब्जियों की आपूर्ति और कीमतों के सामान्य रहने से खुदरा महंगाई के मोर्चे पर राहत मिलने की उम्मीद है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई 2024-25 में कम होकर 4.4 फीसदी पर आ सकती है। यह आरबीआई के 4.5 फीसदी के अनुमान से भी कम है। 2023-24 में सीपीआई महंगाई 5.4 फीसदी रही थी, जबकि 2019-20 में 4.8 फीसदी रही थी। सीएमआईई का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में आलू, प्याज व टमाटर जैसी प्रमुख सब्जियों की आपूर्ति सामान्य रहेगी। कीमतों में भी बड़े उतार-चढ़ाव के संकेत नहीं दिख रहे हैं। इससे खुदरा महंगाई 2024-25 में घटकर आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के और करीब पहुंच जाएगी। हालांकि, अन्य उत्पादों के दाम बढ़ने से मुख्य महंगाई (खाद्य उत्पाद व ईंधन-बिजली को छोड़कर) चालू वित्त वर्ष में बढ़ सकती है। सोने और चांदी में आगे भी बनी रहेगी तेजी अन्य उत्पादों में सोने और चांदी की कीमतें मार्च, 2024 से बढ़ रही हैं। अप्रैल, 2024 में इनके दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। बीएसई पर सोने की हाजिर कीमत 73,092 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की 83,777 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आगे भी कीमतें ऊंची बनी रहेंगी।

**बढ़ सकते हैं क्रूड के दाम :** रिपोर्ट के मुताबिक, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट में कीमतें 2024-25 में 4.1 फीसदी बढ़कर 85.8 डॉलर प्रति बैरल पहुंच सकती है। पहले कीमतों में एक फीसदी की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया था।

जून, 2022 व मार्च, 2024 के बीच परिवहन ईंधन की कीमतें अपरिवर्तित रहीं, जिसके बाद उनमें और भी कमी की गई। 2022-23 में कच्चे तेल की कीमतों में 18.5 फीसदी की भारी वृद्धि हुई, जबकि 2023-24 में उनमें सिर्फ 11.7 फीसदी की गिरावट आई। चालू वित्त वर्ष में और वृद्धि के साथ तेल विपणन कंपनियां पिछले दो वर्षों में हुए घाटे की भरपाई सुनिश्चित करेंगी।

**सीपीआई मुद्रास्फीति पिछले पांच साल में**

2019-20- 4.8%
2020-21- 6.2%
2021-22- 5.5%
2022-23- 6.7%
2023-24- 5.4%

करंट क्राइम
परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
24 04 2024
आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन

सचिन तेंदुलकर
क्रिकेटर


अमृता सिंह

मंजू त्यागी

चांदनी मनोहर

लीलू चौधरी

अंकित चौहान

नंदकिशोर उपाध्याय

सनी सिंह

राजेंद्र त्यागी

सौरभ डागर

सूरज राणा

विपिन देव

पंकज

आशीष बालियान

मोहित शर्मा

सतेन्द्र राघव

विजय शर्मा


सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# लखनऊ के सामने चेपॉक का किला भेदने की हैं चुनौती, मयंक यादव की वापसी पर रहेगी नजरें

**चेन्नई।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाएंट्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब सीएसके की टीम अपने किले चेपॉक पर लौट रही है और यहां उसे हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं रहता है। लखनऊ ने इससे पहले चेन्नई को अपने होम ग्राउंड पर हराया था, लेकिन उसके सामने चेपॉक का किला भेदने की चुनौती होगी।



### रचिन रवींद्र का फॉर्म चेन्नई के लिए चिंता की वजह

सीएसके की नजरें अब अगले तीनों मैच जीतकर प्लेऑफ का दावा पुख्ता करने पर होगी। चेन्नई के लिए अब तक अधिकतर रन कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने ही बनाए हैं। हालांकि सीएसके के लिए सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई पिछले कुछ मैचों से अजिंक्य रहाणेको पारी की शुरूआत करने भेज रहा है जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक लगाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी की शुरूआत करें। लखनऊ को पथिराना से रहना होगा सावधान लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक ने सीएसके के खिलाफ पिछले मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया था, लेकिन चेपॉक स्टेडियम पर लखनऊ के बल्लेबाजों को मथीशा पथिराना से सावधान रहना होगा जो चेन्नई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। सीएसके को पथिराना के अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजुर रहमान से भी बेहतर प्रदर्शन की आस रहेगी। लखनऊ को मयंक की वापसी की उम्मीद लखनऊ को उम्मीद होगी कि उसकी तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव सीएसके के खिलाफ मैच से वापसी करें जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों से बाहर रहे थे। मयंक अगर वापसी करने में सफल रहे तो इससे लखनऊ का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत होगा। हालांकि मयंक की अनुपस्थिति में मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की, लेकिन वे अंत के ओवरों में महेंद्र सिंह धोनी को नहीं रोक सके जो इस सीजन तूफानी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

### डेथ ओवरों में लखनऊ और सीएसके दोनों का बेहतर है रिकॉर्ड

चेन्नई और लखनऊ दोनों ही उन शीर्ष तीन टीमों में शामिल हैं जिनका इकॉनोमी रेट शानदार रहा है। लखनऊ के आंकड़े थोड़े इसलिए भी नीचे हो जाते हैं क्योंकि उन्होंने अपने घर में कम स्कोर के मैच खेले हैं। सीएसके ने 23.28 की औसत और 10.13 की इकॉनोमी से विकेट लिए हैं, जबकि लखनऊ ने 21.53 की औसत और 10.24 की इकॉनोमी से विकेट अपने नाम किए हैं।

# शतक जड़ने के बाद रोहित से गले मिले यशस्वी

**जयपुर।** यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा एक दूसरे का साथ देते दिखते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी अच्छा सामंजस्य देखने मिलता है। आईपीएल में भारतीय टीम के ओपनिंग बल्लेबाज अलग-अलग टीमों के लिए खेलते हैं। रोहित जहां मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं यशस्वी राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं। सोमवार को जयपुर में मुंबई और राजस्थान का मुकाबला हुआ जिसमें राजस्थान जीत दर्ज करने में सफल रहा। इस मैच में यशस्वी ने शानदार शतक जड़ा और मैच के बाद रोहित शर्मा के गले लगे। इसका वीडियो खुद राजस्थान की टीम ने शेयर किया है जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।

### फॉर्म में लौटे यशस्वी

आईपीएल 2024 के 38वें मैच में यशस्वी जायसवाल ने दमदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने जसप्रीत बुमराह, गेराल्ड कोएत्जी जैसे गेंदबाजों को निशाना बनाकर जोरदार शतक ठोका। युवा बल्लेबाज ने इसके लिए 59 गेंदों का सहारा लिया। दिलचस्प बात यह है कि जायसवाल का यह इस सीजन का पहला शतक है। इसके अलावा उनके आईपीएल करियर का यह दूसरा शतक है।

यशस्वी इस सीजन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन मुंबई के खिलाफ उनका बल्ला जमकर बोला। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने इस मैच में 60 गेंदों का सामना किया और नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से 104 रन बनाए।



### मुंबई को फिर मिली हार

मैच की बात करें तो राजस्थान ने मुंबई को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपना दावा बरकरार रखा है। यह राजस्थान की इस सीजन की सातवीं जीत है। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट पर 183 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मुंबई की इस सीजन आठ मैच में यह पांचवीं हार है और वह छह अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है।

### रोहित से चर्चा करते दिखे यशस्वी

राजस्थान रॉयल्स ने मैच के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है जिसमें यशस्वी भारतीय कप्तान रोहित से गले मिलते दिख रहे हैं। इस दौरान यशस्वी रोहित के साथ कुछ चर्चा करते भी नजर आ रहे हैं। राजस्थान ने यह वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, जायसवाल और उसके रोहित भईया।

# भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज को लेकर आया पीसीबी प्रमुख का बयान

**लाहौर।** भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक रवैया अपनाया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी इसे लेकर अपनी राय व्यक्त की है।

नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने के तैयार है।'विकल्प पर विचार के लिए तैयार' न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की थी और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट सीरीज खेलना शानदार होगा।

नकवी ने कहा, देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।



### रोहित ने क्या दिया था बयान?

हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक पॉडकास्ट के दौरान रोहित से पूछा था कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित रूप से मैच होना टेस्ट क्रिकेट के लिए फायदेमंद रहेगा? इस पर रोहित ने कहा था, मेरा मानना है कि वे अच्छी टीम है। अगर हम बाहर खेलें तो उनकी गेंदबाजी लाइन अप बेहतर है। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार टेस्ट 2007-08 में खेला गया था। हां, मैं पाकिस्तान के खिलाफ खेलना पसंद करूंगा। दोनों टीमों के बीच अच्छा मुकाबला होता है। हम उनके खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं। नियमित रूप से क्रिकेट होना पसंद करूंगा।

### आखिरी बार 2012-13 में खेली थी सीरीज

भारत और पाकिस्तान की टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय सीरीज खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था, लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। राजनीतिक कारणों के चलते लंबे समय से दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है। दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। दोनों टीमों के बीच इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान भी मैच खेला जाना है। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंततः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में हुआ था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।

# शाहीन अफरीदी ने रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से की

**कराची।** पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में 3000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने थे। रिजवान कप्तान बाबर आजम के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के दूसरे बल्लेबाज बने थे। पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रिजवान की सराहना की और इस दौरान उनकी तुलना ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन से कर दी। इस कारण शाहीन खूब ट्रोल हुए और फैंस ने जमकर उनके मजे लिए।



### सबसे तेज पूरे किए थे तीन हजार रन

रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे किए थे। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम और भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया था। बाबर ने 81 पारियों में तीन हजार रन पूरे किए थे, जबकि कोहली ने भी टी20 प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए इतनी ही पारियां ली थी, लेकिन मोहम्मद रिजवान ने इन दोनों को पीछे छोड़ा और सिर्फ 79 पारियों में ऐसा किया था। शाहीन ने रिजवान की जमकर की सराहना शाहीन ने रिजवान की तारीफ करते हुए एक्स पर लिखा, टी20 क्रिकेट के ब्रैडमैन और पाकिस्तान के सुपरमैन मोहम्मद रिजवान के लिए चीयर्स, जिन्होंने टी20 में तीन हजार रन पूरे किए। आपका प्रभाव खेल में दिख रहा है और आपने आलोचना करने वालों का मुंह बंद कर दिया है। ऐसे ही आगे बढ़ते रहो चैंपियन। आप कई लोगों के लिए प्रेरणस्रोत हैं।

### फैंस ने लिए मजे

शाहीन की इस पोस्ट पर फैंस ने खूब मजे लिए और रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से करने पर उन्हें जमकर ट्रोल किया। मालूम हो कि रिजवान और बाबर बड़े टूनार्मेंट में प्रदर्शन करने में विफल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान का शीर्ष क्रम प्रभावित करने में असफल रहा था। हालांकि गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने वापसी की थी, लेकिन बेन स्टोक्स ने बेहतरीन पारी खेल इंग्लैंड को जीत दिलाई थी।

### शाहीन से हाल ही में छीनी थी कप्तानी

शाहीन को पिछले साल नवंबर में बाबर आजम की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शाहीन को हटाकर दोबारा बाबर आजम को सीमित ओवरों की कमान सौंप दी थी। पाकिस्तान की टीम फिलहाल न्यूजीलैंड के साथ पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेल रही है। दोनों टीमों के बीच यह सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

# हरभजन सिंह ने कर दी बड़ी मांग, संजू सैमसेन को टी20 कप्तान के तौर पर तैयार करने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराने के बाद पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने एक बड़ी मांग कर दी है। हरभजन का कहना है कि रोहित शर्मा के बाद संजू सैमसन को भारत का अगला टी20 कप्तान के तौर पर तैयार करना चाहिए। सैमसन की अगुआई में राजस्थान इस सीजन शानदार प्रदर्शन कर रहा है और उसने अब तक आठ में से सात मुकाबले जीते हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

सैमसन ने मुंबई के खिलाफ 28 गेंदों पर नाबाद 38 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135.71 का रहा। आठवें ओवर में क्रीज पर उतरे सैमसन ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। हरभजन ने साथ ही सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी तारीफ की जिन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 104 रनों की पारी खेली। हरभजन ने कहा कि यशस्वी की पारी इस बात का सबूत है कि उनकी क्लास स्थायी है।



### 'सैमसन को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए'

हरभजन ने कहा कि अब सैमसन के टी20 विश्व कप में खेलने को लेकर किसी तरह की बहस नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज को वैश्विक टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम में होना चाहिए। हरभजन ने एक्स पर पोस्ट डाल लिखा, यशस्वी जायसवाल की पारी इस बात सबूत है कि क्लास स्थायी होती है, जबकि फॉर्म अस्थायी होती है। इसके अलावा अब विकेटकीपर बल्लेबाज को लेकर किसी तरह की बहस नहीं होनी चाहिए और संजू सैमसन को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में होना चाहिए। रोहित शर्मा के बाद संजू को भारत का अगला टी20 कप्तान के तौर पर भी तैयार करना चाहिए।

### राजस्थान की सातवीं जीत

राजस्थान ने मुंबई को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपना दावा बरकरार रखा है। यह राजस्थान की इस सीजन की सातवीं जीत है। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट पर 183 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मुंबई की इस सीजन आठ मैच में यह पांचवीं हार है और वह छह अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। राजस्थान के लिए इस मैच में तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके, जबकि मुंबई के गेंदबाज सिर्फ राजस्थान का एक ही विकेट ले सके। यह विकेट भी पीयूष चावला को मिला था।

# सुनील नरेन ने वैश्विक टूर्नामेंट में खेलने को लेकर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कैरेबियाई ऑलराउंडर सुनील नरेन ने आईपीएल 2024 के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने को लेकर चुप्पी तोड़ी है। आईपीएल के मौजूदा सीजन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे नरेन ने टी20 विश्व कप में खेलने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब इस टूनार्मेंट में खेलने के लिए उनके दरवाजे बंद हो चुके हैं। नरेन ने हाल ही में जड़ा था शतक मिस्ट्री स्पिनर के नाम से मशहूर नरेन इस सीजन केकेआर के लिए ओपनिंग करने उतर रहे हैं और गेंद से ज्यादा बल्ले से टीम की जीत में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मैच में 56 गेंदों पर 109 रनों की पारी खेली थी जो खेल के किसी भी प्रारूप में उनके करियर का पहला शतक था। उन्होंने इस सीजन 22.11 की औसत और 7.10 की इकॉनोमी से नौ विकेट लिए हैं जो केकेआर के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक है।

# 'रोहित और कोहली को पारी की शुरूआत करनी चाहिए', पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने रखी अपनी राय

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के संयोजन को लेकर अपनी राय रखी है। गांगुली का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले इस वैश्विक टूनार्मेंट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। गांगुली आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं और उनकी टीम का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में बेहतर नहीं रहा है। दिल्ली की टीम फिलहाल पांच हार और तीन जीत के साथ छह अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर चल रही है। दिल्ली को अपने पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा था।



### टी20 विश्व कप के लिए जल्द घोषित होनी है टीम

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम के चयन की अंतिम तिथि एक मई है और इससे पहले सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों के नाम की घोषणा करनी है। इस वैश्विक टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के कई दावेदार हैं। गांगुली चाहते हैं कि चयन समिति, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के सर्वोत्तम हित में निर्णय लें। गांगुली का मानना है कि टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण होना चाहिए।

### 'कोहली के पास 40 गेंदों में शतक लगाने की क्षमता'

कोहली का बल्ला आईपीएल 2024 में अच्छा चल रहा है और उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों पर 100 रन बनाए थे। हालांकि उन्हें अपने स्ट्राइक रेट को लेकर लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि गांगुली ने कोहली का समर्थन किया और कहा कि उनमें 40 गेंदों पर शतक लगाने की क्षमता है। गांगुली ने कहा, यह मेरा निजी विचार है कि कोहली और रोहित दोनों को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए और यही दोनों खिलाड़ी भारत के लिए पारी की शुरूआत करें। कोहली ने आईपीएल 2024 में शतक लगाया जो दिखाता है कि उनमें टी20 प्रारूप की जरूरत के अनुसार खेलने की क्षमता है। वहीं, रोहित भी वनडे विश्व कप के दौरान अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। रोहित और कोहली को पहली ही गेंद से आक्रमण करना होगा जिससे पहले सात-आठ ओवर में ही विपक्षी टीम पर दबाव आ जाए।

### 'सिर्फ आईपीएल के एक चरण पर आधारित ना हो चयन'

गांगुली ने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए टीम का चयन सिर्फ आईपीएल 2024 के एक चरण पर आधारित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, आपको हर प्रदर्शन को देखना होगा। एक अच्छी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण होना चाहिए। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता इतने परिपक्व हैं कि वे सिर्फ आईपीएल के एक चरण के प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन नहीं करेंगे।


## शोक संदेश



**श्रीमती मंगो देवी**
**(धर्मपत्नी बाबूराम त्यागी)**

आपको अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी **पूज्य माता मंगो देवी जी** का स्वर्गवास दिनांक 13 अप्रैल, 2024 दिन शनिवार को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। श्रद्धांजलि सभा दिनांक 24 अप्रैल, 2024 दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है ।

| | | |
|---|---|---|
| हवन | - | प्रातः 8 बजे |
| सहभोज | - | प्रातः 11 बजे से.... |
| श्रद्धांजलि सभा | - | अपराह्न 2 बजे |

**स्थल**

बी.एस.टी. फार्म, शाहपुर रोड, दुहाई निकट ग्रीनलैन्ड पब्लिक स्कूल

**समस्त शोकाकुल परिवार**

| | | |
|---|---|---|
| पुत्र | : | विरेन्द्र कुमार ( पिन्टू त्यागी), नीरज त्यागी, राजू त्यागी |
| भतीजे | : | सुभाष त्यागी, सतीश त्यागी, हरिओम त्यागी, मुकेश त्यागी |
| पौत्र | : | अंकित त्यागी, (चैयरमेन अर्थव इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.) आशिष त्यागी, नमन त्यागी |
| प्रपौत्र | : | अर्थव त्यागी |

**संपर्क सूत्र**

9999256363 / 9457670202 / 9410634140 / 8800970780

# अंजली त्यागी विपुल त्यागी का शुभ विवाह धूमधाम से सम्पन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम पार्षद राधेश्याम त्यागी की सुपुत्री अंजली त्यागी का शुभ विवाह विपुल त्यागी के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया।

# गठबंधन प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा के समर्थन में विशाल रैली का आयोजन





**बागपत, करंट क्राइम।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा के समर्थन में मंगलवार को हर्रा खिवाई मोड पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोग पं. अमरपाल शर्मा को विजयश्री दिलाने के गवाह बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. यूनुस चौधरी ने की एवं मंच संचालन पं. आरडी शर्मा ने किया। रैली में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मुजफ्फरनगर से संसद प्रत्याशी हरेन्दर मलिक, विधायक अतुल प्रधान, सपा नेता मुखिया गुर्जर, पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप, जावेद काजमी, आप नेता डॉ. सचिन शर्मा, योगेन्द्र अवाना, पूर्व मंत्री हाजी तराबुद्दीन आदि गठबंधन के अनेक नेताओं ने भाग लिया।

### खराब मौसम के कारण नहीं आ सके सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

**करंट क्राइम।** रैली को सम्बोधित करने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी आना था लेकिन खराब मौसम के चलते प्रशासन ने उनके हैलिकॉप्टर को उतरने की इजाजत नहीं दी और वो पंडाल का चक्कर लगाकर वापस लौटने पर मजबूर हो गए। जैसे ही जनता को ये जानकारी मिली कि प्रशासन ने उनका हैलिकॉप्टर नहीं उतरने दिया तो वो प्रशासन को भला-बुरा कहते हुए वापस लौट गए। इसके अलावा पं. अमरपाल शर्मा ने भी मंच से लोगों को सम्बोधित किया और सबको रैली में आने का शुक्रिया भी अदा किया। कुल मिलाकर रैली में आई भीड़ को देख कर कहा जा सकता है कि इनकी जीत सुनिश्चित है।

### तुम भी आवाज मिला देना मेरी आवाज के साथ : पूर्व मंत्री जावेद आजमी

इस मौके पर पूर्व मंत्री जावेद आजमी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात करते हुए कहा कि **मैं किस धरती का हूं। यारों मेरी पहचान लिख देना। मेरे कफन के कोने पे हिन्दुस्तान लिखा देना।** पं. अमरपाल शर्मा के लिए वोट मांगते हुए कहा, मैंने आवाज दी है बड़े नाज के साथ, तुम भी आवाज मिला देना मेरी आवाज के साथ। हाजी तराबुद्दीन ने कहा कि हमें मिलजुलकर रहना है और पं. अमरपाल शर्मा को विजयी बनाना है। हरेन्दर मालिक ने कहा पहले चरण के चुनाव में भाजपा बुरी तरह हार रही है और ये सिलसिला हमें दूसरे चरण में भी जारी रखना है और पं. अमरपाल शर्मा को भारी बहुमत से विजय बनाना है।

### जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी वो भाजपा में उतना ही बड़ा पदाधिकारी : संजय सिंह

करंट क्राइम। आप नेता संजय सिंह जैसे ही मंच पर आए तो पांडाल में मौजूद लोगों ने भारी उत्साह के साथ उनका नारे लगाते हुए स्वागत किया। अपने चिर-परिचित अंदाज में संजयसिंह ने सीधे मोदी जी पर हमला किया और चुटीले अंदाज में पूछा कि क्या गन्दे नाले की गैस से चाय बन सकती है। क्या बादलों की आड़ में विमान रडार से बच सकता है। संजय सिंह ने कहा कि ये देश का अंतिम चुनाव होगा, यदि इस बार भाजपा सत्ता में आई। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी वो भाजपा में उतना ही बड़ा पदाधिकारी। संजय सिंह ने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को सरकारी दरबारी भी कहा। अरविंद केजरीवाल सहित अनेक नेताओं को साजिश के तहत गिरफ्तार करने की बात भी कही और गठबंधन प्रत्याशी पं. अमरपाल शर्मा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील भी की।

## दो बाइक चोर दबोचे

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर पुलिस ने देर रात कादराबाद के जंगल में सदिग्ध अवस्था में घूमते दो युवको को दबोच लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनो ही वाहन चोर है ओर चोरी की गयी बाईक को लेकर घूम रहे थे। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गोविंदपुरी में तीन दिन पहले एक युवक की बाईक चोरी हुई थी। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी थी, जिसे लेकर पुलिस युवको की शिनाख्त के बाद से तलाश रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने वाहन चुराने वाले दो युवको को गिरफ्तार कर लिया है।

## कैंटर वाहन चोरी

मोदीनगर करंट क्राइम। एक फैक्ट्री गेट के पास खडा कैंटर वाहन रात्रि चोरी हो गया। उद्यमी ने इस बावत थाने में तहरीर दी हैं। कृष्णानगर निवासी जयप्रकाश त्यागी की सिखैडा रोड पर फैक्ट्री है। उसकी फैक्ट्री गेट पर खडे कैंटर वाहन को चोर चुरा ले गये। चोरी की इस वारदात को लेकर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।




## ड्यूटी लिस्ट पर उठे सवाल, चौकियों के प्रभारी भी हो गए तैनात



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लोकसभा का पहला चुनाव संपन्न होने वाला है। जिसके लिए गाड़ियों से लेकर बस और ट्रकों से लेकर टैक्सी को जमा कराने का काम चालू हो चुका है। इसी को लेकर भी अव्यवस्था वाला सीन देखने को मिला है। तो वहीं इसके बाद अब ड्यूटी वाले चार्ट भी तैयार हो गए हैं। ड्यूटी चार्ट बनने के बाद सूचना आ रही है की पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में कई जोन में ऐसा देखने में आया है जहां के चौकी प्रभारियों की भी चुनावी ड्यूटी लगा दी गई है। तो वहीं कई थानाक्षेत्रों में आलम यह है की खास ड्यूटी पर तैनात रहने वाले सिपाहियों को भी ड्यूटी में शामिल कर लिया गया है। अब मामला उन थ्री और टू-स्टार के के लिए टाइट हो गया है जिनका आधे से ज्यादा काम खास सिपाहियों के जिम्मे में रहता है। पुलिस कमिश्नरेअ वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में अधिकांश महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी देहात वाले जोन में लगा दी गई है। तो रेलवे लाइन के बराबर वाले कई कार्यालयों की महिला स्टाफ ड्यूटी सिस्टम से परेशान है। वहीं सिटी और देहात के कई थानों में हाल ऐसा है की चौकी पर 12 से 15 तक टू-स्टार होने के बावजूद भी चौकी प्रभारियों को चुनावी ड्यूटी वाली लिस्ट में शामिल कर लिया गया है। अब ऐसा क्यों हुआ है, यह पता नहीं पर इसको लेकर पुलिस महकमें के भीतर भी कई तरीके के सवाल हो रहे हैं। वैसे चुनाव सेल वाले नोडल प्रभारी से लेकर यहां पर कई थ्री और टू-स्टार ने कौन सा गणित लगाया है इसकी भी चर्चा हो रही है। कोई कह रहा है कि ड्यूटी को लेकर खेला हुआ है, तो किसी ने कहा है कि यह कंप्यूटर ड्यूटी का नतीजा है। इसी के साथ एक पुराने वाले साहब ने बताया है कि पहले तो चुनावी ड्यूटी रजिस्टर पर नाम जांच कर होती थी, लेकिन यहां मामला कुछ और है। वैसे कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बाहर से जो इस बार अर्ध सैनिक बलों वाला फोर्स आया है, वह थोड़ा काम है लेकिन कमिश्नरेट के पुलिसकर्मियों को शामिल करके सुरक्षा व्यवस्था कर ही ली जाएगी। 25 तारीख की शाम से पोलिंग पार्टियों को अपने बूथ को संभालना होगा। तो मतदान शांतिपूर्वक कराने के बाद देर रात तक मत पेटियां भी गोविंदपुरम वाली मंडी में जमा करवानी होगी। ड्यूटी में ऐसा सीन भी देखने को मिल रहा है एफएसटी वालों को भी ड्यूटी में शामिल किया गया है। वहीं कई और बातें भी सुनाई दे रही हैं।

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, भंडारे में लिया प्रसाद







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को साहिबाबाद में धूमधम से हनुमान जयंती मनाई गई। वसुंधरा सेक्टर 11 स्थित सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 16 प्राचीन हुनमान मंदिर के साथ साथ विभिन्न सोसायटी और पार्कों में भी हनुमान जयंती पर भंडारे और अन्य धार्मिक आयोजन किये गए। जहां बड़ी संख्या में सामूहिक सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का जाप किया गया। इस कड़ी में वसुंधरा सेक्टर 5 स्थित मोहन मिकिन्स सोसाइटी में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानिया लोगों ने बालाजी की महिमा का गुणगान किया। जिसके बाद विशाल भंडरे का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में स्थानिया लोगों के साथ राहगीरों ने बालाजी का प्रसाद ग्रहण किया। पंडित मनोज शाश्त्री ने बताया कि मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं भाग लेकर हनुमान भक्ति का गुणगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन, यज्ञ में आहुति देकर किया गया। दीपक शर्मा व सुभाष सिंह ने बताय हनुमान जयंती के अवसर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सेकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित पप्पू ने बताया कि प्राचीन हनुमान मन्दिर में हनुमान जी का सिंदुरी चोले से श्रृंगार कर, सवामनी भोग लगाया गया। भक्तों ने हनुमान जी की आरती उतार कर प्रसाद का वितरण किया। जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्ति मय हो गया। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ। मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजा संकीर्तन किया।

# संस्कार भारती ने उत्साह से मनाया हिंदू नववर्ष



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संस्कार भारती गाजियाबाद महानगर द्वारा हिंदू नव वर्ष 2081 के अवसर पर दीप जलाकर हर्षोल्लास के साथ हिंदू नववर्ष मनाया गया। संस्कार भारती के प्रांतीय संरक्षक पंडित हरिदत्त शर्मा , विभाग सहसंयोजक महेश सेठ, विभाग संयोजक डा. राजीव पांडेय अध्यक्षा डा. वीणा मित्तल कार्यकारी अध्यक्ष पं हरिओम् शर्मा, महामंत्री हेमन्त कुमार वाजपेयी, महेश सक्सैना वरिष्ठ साहित्य विधा संरक्षक व साहित्य विधा संयोजिका व मंच संचालिका डा.निवेदिता शर्मा ने किया, घ्येय गीत गायन के बाद गायन विधा प्रदर्शित करते हुए। भक्तिमय भजनों एवं गीतों से कलाकारों ने सबका मन मोह लिया। पंडित भीमसेन जोशी परम्परा के प्रसिद्ध गायक अरुल सेठ ने राम कहिए राम का गुणगान किया गया। बाजै मुरलिया बाजे एवं गायिका चैती शर्मा ने मेरी झोपडी के भाग खुल जाएंगे। प्रसिद्ध संस्कार भारती कलाकार भजन गायक रजत मित्तल जी के श्रीराम जी पर गाए भजनों की विलक्षण प्रस्तुति से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। तबले पर प्रीति त्रिगुणायत व हारमोनियम पर चैती शर्मा व ज्योति शर्मा व ढोलक पर राकेश कुमार ने संगत दी। इस अवसर पर विभाग बौद्धिक प्रमुख डां चन्द्रभानु मिश्रा ने हिन्दू नवसंवत्सर की विशेषताएं बताई, मुख्य अतिथि सुधा गर्ग ने संस्कार भारती द्वारा समाज में संस्कृति कला बचाऐ रखने में विशिष्ट भूमिका हेतु संस्था को साधुवाद देते हुए। राष्ट्र हित में मतदान बढ़ाने में सहयोग करने का आह्वान किया। वंदे मातरम के उपरांत कार्यक्रम समापन हुआ।

# हनुमान जयंती पर इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया

### घंटा घर, गोल मार्केट स्थित प्राचीन संकटमोचन हनुमान मंदिर पहुंचीं और पवनपुत्र का विजयी आशीर्वाद लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को प्रभु हनुमान जी की जयंती के अवसर पर इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने घंटा घर, गोल मार्केट गाजियाबाद स्थित प्राचीन संकटमोचन हनुमान मन्दिर में जाकर हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कांग्रेस किसान नेत्री पूनम पंडित, कांग्रेस किसान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक आदि मौजूद रहे।

## सपा बसपा नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सपा से घोषित पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा व बसपा के एडवोकेट प्रवीण बैंसला के प्रचार प्रसार को लेकर रैपिड के पीलरो पर नेताओं को झंडे लगाना महँगा पडा। इन झंडो को लेकर मोदीनगर थाना प्रभारी ने विडियोग्राफी करने के बाद झंडो को जब्त कर लिया ओर दोनो ही पार्टी के विधानसभा प्रभारी के खिलाफ आंचार संहिता का उल्लंघन किये जाने का मामला दर्ज किया गया हैं ।

तेल मिल गेट से लेकर सीकरीकला के बीच रैपिड रेल के पीलर पर सपा व बसपा प्रत्याशी के फोटो सहित चुनाव चिंह के झंडे लगा दिये गये। थाना प्रभारी सुभाष चंद्र पांडे ने पुलिस टीम को भेजकर इन झंडो की विडियो ग्राफी कराई ओर सपा के 156 व बसपा प्रत्याशी के 104झंडो को जब्त कर लिया। पुलिस ने इन झंडो को लगाये जाने को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना है और सपा के विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा के अलावा बसपा के विधानसभा प्रभारी हरेंद्र सिंह के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया है।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पीजीडीएम प्रतिभागियों हेतु इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर गजियाबाद के पीजीडीएम सत्र (2023-25) के प्रतिभागियों हेतु इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन तीन ग्रुप में किया गया है। मंगलवार को प्रथम ग्रुप के छात्रों के लिए फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर संस्थान की निर्देशिका डॉ. तिमिरा शुक्ला ने फ्लैग ऑफ सेरेमनी का शुभारंभ किया तथा छात्रों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने की प्रेरणा दी। पीजीडीएम चेयर पर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और छात्रों को सुरक्षित और आनंदमयी यात्रा के लिए शुभेच्छा व्यक्त की। द्वितीय एवं तृतीय ग्रुप क्रमशः 25 एवं 26 अप्रैल 2024 को प्रस्थान करेंगे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ग्रुप में शिक्षक प्रतिनिधि के तौर पर प्रो. गुरप्रीत कौर, प्रो. याचना मल्होत्रा एवं डॉ. डी के पांडे छात्रों का निर्देशन और नेतृत्व करेंगे।




### मनोरंजन के साथ-साथ दिए ज्ञान अर्जन के टिप्स

इस दौरान दुबई, अबु धाबी एवं शारजाह के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मीडिया प्रोडक्शन हाउस एवं बुर्ज खलीफा जायेंगे। इस अवसर पर आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के शुभ एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी छात्रों को मनोरंजन के साथ ज्ञान अर्जन करने के महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किये। इस अवधि में सभी प्रतिभागी विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगे साथ ही मिडिल ईस्ट के इन विकसित देशों के एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर का मुआयना करेंगे। आईटीएस की यह परंपरा 2012 से लगातार चली आ रही है जिसमें प्रत्येक वर्ष विभिन्न निकायों के छात्र इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन किया जाता है।

# हिज्बुल्लाह ने बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल पर दागे दर्जनों रॉकेट



**यरुशलम।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इधर, ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इस बीच, हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल में स्थित इस्राइली सेना मुख्यालय पर कत्युशा रॉकेटों से हमला किया। बता दें, हिजबुल्लाह लेबनान में स्थित एक सशस्त्र समूह है, जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है।

**आइए जानते हैं अबतक क्या कुछ हुआ–**

हिजबुल्लाह ने एन जेटिम बेस (प्रल्लॅंग्रे३ इंरी) पर 91वें डिवीजन के तीसरे इन्फेंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय पर रॉकेट हमले की पुष्टि की। साथ ही दावा किया कि उसने दर्जनों कत्युशा रॉकेट से हमला किया।

लेबनान की समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला कथित तौर पर दक्षिणी लेबनानी गांवों में इस्राइली घुसपैठ और श्रीफा, ओडाइसेह और रब ट्लातिन पर किए गए हमले का जवाब था।

इस्राइली सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रॉकेट छोड़ने वाले स्रोतों को निशाना बनाया। इस्राइली सेना का कहना है कि एन जेटिम बेस को करीब 35 रॉकेटों से निशाना बनाने की कोशिश की गई। हालांकि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

इस्राइल और ईरान के बीच बढ़े तनाव के बाद से हताहतों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक, लेबनान में कम से कम 376 लोग, मुख्य रूप से हिजबुल्लाह लड़ाके और 70 नागरिक मारे गए हैं। वहीं, इस्राइली पक्ष के 10 सैनिक और आठ नागरिक मारे जा चुके हैं। इस्राइल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। तेहरान ने हालिया उकसावों के जवाब में कड़ी चेतावनी जारी की है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने आगाह किया कि इस्राइल की किसी भी अगली गलती पर ईरान की ओर से कठोर जवाब दिया जाएगा। ईरानी शहर इस्फहान के पास हाल की घटनाओं की कनानी ने निंदा की और हमलों को दुर्भावनापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ईरान की वायु रक्षा ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

इस बीच, रविवार को इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी की अमेरिका से वापसी के एक दिन बाद ही इराक ने सीरिया में अमेरिकी मिलिट्री बेस की ओर रॉकेट लॉन्च किए थे।



## यूनिसेफ की रिपोर्ट

# रिहायशी इलाकों में विस्फोटक हथियारों का हो रहा इस्तेमाल हजारों बच्चे हताहत

**यूएन।** यूनीसेफ ने आगाह किया है कि जैसे-जैसे शहरी इलाकों में लड़ाई के मामले बढ़ रहे हैं, खुले रणक्षेत्रों के लिए विकसित किए हथियारों का इस्तेमाल अब शहरों, नगरों व गांवों में बढ़ रहा है। आबादी वाले इलाकों में भारी हथियारों व विस्फोटकों के इस्तेमाल का, आम नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों पर भयावह असर होता है।

वर्ष 2018 से 2022 के दौरान, विश्व भर में 24 से अधिक हिंसक टकराव से ग्रस्त इलाकों में, कुल साढ़े 47 हजार बच्चे हताहत हुए, जिनमें 49.8 प्रतिशत मामलों के लिए विस्फोटक हथियारों का प्रयोग जिम्मेदार था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सत्यापित इन मामलों में से अधिकांश मामले घनी आबादी वाले इलाकों में दर्ज किए गए। यूनीसेफ के उप कार्यकारी निदेशक टैड चायबॉन ने स्पष्ट किया कि इन साक्ष्यों को नकारा नहीं जा सकता है। जब रिहायशी इलाकों में विस्फोटक हथियारों का इस्तेमाल किया जाता है, तो बच्चों को गहरी पीड़ा का सामना करना पड़ता है, ना केवल शारीरिक रूप से बल्कि उनके जीवन के हर पहलू में।

हजारों युवा जिंदगियां या तो अचानक खत्म हो जाती हैं या फिर हर साल, हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यूनीसेफ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बच्चों को इससे शारीरिक चोट व अन्य जख्म तो पहुंचते ही हैं, मगर उन्हें मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक व सामाजिक प्रभावों से भी जूझना पड़ता है, जो कि जीवन-पर्यंत, पीड़ादाई अनुभव के रूप में जारी रह सकते हैं।

विस्फोटक हथियारों के इस्तेमाल के सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय असर भी हैं, जिससे बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, स्वच्छ जल व अन्य अति आवश्यक सेवाओं की सुलभता प्रभावित होती है। बुनियादी ढांचे के विध्वंस से बच्चों के विकास और सामुदायिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक दुष्परिणाम हो सकते हैं।

### रोकथाम जरूरी है

यूनीसेफ, हिंसक टकरावों से जूझ रहे इलाकों में जमीनी स्तर पर प्रयासों में जुटा है, ताकि ऐसे हथियारों से होने वाले असर को कम किया जा सके, जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना संभव हो और जोखिम का सामना कर रहे बच्चों को सहारा दिया जा सके। मगर, यूएन एजेंसी ने जोर देकर कहा कि रोकथाम की सख्त आवश्यकता है, जिसके लिए एक मजबूत, सतत अन्तरराष्ट्रीय कार्रवाई की दरकार है।



# मलेशिया में नौसेना के दो हेलीकॉप्टर क्रैश

## क्रू के सभी 10 सदस्यों की मौत

**कुआलालंपुर।** मलयेशिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई। यहां नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों हवा में आपस में टकरा गए। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार 10 क्रू सदस्यों की मौत हो गई ।

मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# एरिजोना में दो वाहनों की टक्कर में दो भारतीय छात्रों ने गंवाई जान

**एरिजोना।** संयुक्त राज्य अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे भारत के दो छात्रों की एरिजोना में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। निवेश मुक्का और गौतम कुमार पारसी की शनिवार रात (स्थानीय समय) पियोरिया में उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार दूसरी कार से जा टकराई। दोनों की उम्र 19 वर्षीय थी।

**दो वाहन आपस में टक्कराए :** पियोरिया पुलिस के अनुसार, सड़क हादसा 20 अप्रैल को शाम छह बजकर 18 मिनट पर हुआ।

राज्य मार्ग 74 के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर दो वाहन (एक सफेद किया फोर्टे और एक लाल फोर्ड एफ150) आपस में टक्करा गए थे। टक्कर के समय लाल ऋ150 में



एक व्यक्ति सवार था। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसे छुट्टी दे दी गई।

**घायल ड्राइवर को अस्पताल में किया भर्ती :** सफेद किया फोर्टे वाहन के अंदर तीन लोग सवार थे। यह टक्कर इतनी भयंकर थी कि गौतम और निवेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसे छुट्टी दे दी गई।

# गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

## विश्वविद्यालयों में फलस्तीन समर्थकों ने की प्रदर्शनों की भरमार

**वाशिंगटन।** गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं।



**गाजा युद्ध को लेकर बाइडन पर बढ़ा दबाव :** अमेरिकी की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं और हजारों छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र गाजा में हो रही आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कक्षाएं स्थगित चल रही हैं। येले पुलिस ने दर्जनभर प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार भी किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तंबू भी गाड़ दिए हैं। ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है।

एक अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में युद्ध को लेकर प्रदर्शन बढ़ रहे हैं। छात्र तंबुओं में रह रहे हैं और इससे विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इससे अराजगता का माहौल पैदा हो रहा है। न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कई प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है। दरअसल फलस्तीन समर्थक छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़े और अराजकता फैलाई। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलन मस्क को बताया घमंडी अरबपति

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने मंगलवार को अरबपति कारोबारी एलन मस्क को 'घमंडी' बता दिया। बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक पादरी के साथ हुई चाकूबाजी की घटना के वीडियो को एक्स से न हटाए जाने को लेकर अल्बानीज मस्क पर भड़क गए।



### क्या है मामला ?

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक चर्च में कुछ ही दिनों पहले एक चाकूबाजी की घटना हुई थी। यहां एक 16 साल के लड़के ने चर्च के एक पादरी पर इस्लाम की आलोचना का आरोप लगाते हुए उसे चाकू मार दी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तौर से वायरल हुआ। बाद में ऑस्ट्रेलिया के दूरसंचार नियामकों ने एक्स से इस वीडियो से जुड़े कुछ पोस्ट्स और कमेंट्स हटाने के लिए कहा।

हालांकि, एक्स की तरफ से इस मामले में कार्रवाई न किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दूरसंचार नियामक का आदेश मानने को कहा। बाद में एक्स ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से पूरी तरह हटाने की जगह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में स्थित यूजर्स के लिए हटाया। एक्स का तर्क था कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरी दुनिया में दिखाए जाने वाली सामग्री को लेकर मनमानी नीहं कर सकती।

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम की मस्क को खरी-खरी

इसी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को जिम्मेदार होना चाहिए, लेकिन मस्क इस हिंसा से भरी सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म पर रखने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹हम इस घमंडी अरबपति, जो सोचता है कि वह कानून और आम शालीनता से भी ऊपर है, से निपटने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार की तरफ से इस वीडियो को एक्स से हटाने की मांग के दौरान मस्क ने सरकार की ई-सेफ्टी कमिश्नर पर तंज कसा था। मस्क ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की सेंसरशिप अधिकारी करार दिया था। इतना ही नहीं एलन मस्क ने यहां तक कह दिया था कि एक्स स्वतंत्र अभिव्यक्ति और सच के साथ खड़ा है,

# हमलों से परेशान खैबर पख्तूनखवा के सीएम

● शहबाज सरकार के खिलाफ जाकर आतंकवादियों से बात करने को तैयार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवादियों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। आए दिन हमले होते रहते हैं। भारत का पड़ोसी मुल्क प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान के साथ सार्थक बातचीत नहीं करने की अपनी इस नीति पर डटा हुआ है। हालांकि, इस बीच खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर का रुख कुछ और ही देखने को मिला। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए खूंखार आतंकवादी समूह के साथ बातचीत करने का आह्वान किया है।



**नवंबर 2022 में संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद से हमले बढ़े :** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान में आए दिन आतंकवादी हमले देखने को मिलते हैं। सबसे ज्यादा जिन क्षेत्रों को निशाना बनाया जा रहा है उनमें खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और पंजाब शामिल है। आतंकी हमले इस्लामाबाद और कराची तक पहुंच गए हैं।

**राष्ट्रीय स्तर पर एक रणनीति बनाई जाए :** गंडापुर ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि प्रांत में शांति सुनिश्चित करने के लिए आतंकवादियों के साथ बातचीत जरूरी है। क्षेत्र को और नुकसान रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक रणनीति बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए हम आतंकवादी संगठन के साथ सार्थक वार्ता का पूरा समर्थन करते हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के मुख्यमंत्री ने कहा कि ठोस स्तर पर समस्या के खत्म करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के मापदंडों के दायरे में आतंकवादी संगठन के साथ बातचीत होनी चाहिए।

# अमेरिकी रिपोर्ट में इस्राइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप

## ब्लिंकन बोले- अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें

**वाशिंगटन।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गाजा की हालत बिगड़ती जा रही है। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते धीरे-धीरे इस्राइल ने लगभग बंद कर दिए हैं। इस बीच, एक बार फिर अमेरिका ने इस्राइल को आंखें दिखाई हैं। उसने इस्राइल से नागरिकों के नुकसान को कम करने का आग्रह किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मानवाधिकार उल्लंघन पर अपनी रिपोर्ट जारी की और गाजा में मानवाधिकारों के हनन पर चिंताओं को रेखांकित करते हुए इस्राइल पर प्रकाश डाला। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष मानवाधिकारों के लिए परेशान करने वाली चिंताएं पैदा कर रहा है। उन्होंने



सात अक्तूबर के हमास आतंकवादी हमलों की निंदा की है, जबकि इस्राइल से अपनी प्रतिक्रिया में नागरिक क्षति को कम करने का आग्रह किया।

वार्षिक देश रिपोर्ट में इस्राइल पर 103 पन्नों में बात की गई है। इसमें एक दर्जन से अधिक प्रकार के मानवाधिकारों के हनन की विश्वसनीय रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें हत्याएं, यातना, मनमानी हिरासत, संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा या सजा और कथित अपराधों के लिए परिवार के सदस्यों की सजा शामिल है।

**मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा :** रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसमें हमास और इस्राइली सरकार दोनों द्वारा गैरकानूनी हत्याओं की विश्वसनीय रिपोर्टों का हवाला दिया गया। ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मानवाधिकारों पर विदेशी देशों के रिकॉर्ड के बारे में आकलन करना जारी रखेगा।

ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की आवश्यकता है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभाग अभी भी युद्ध के दौरान गाजा में नागरिक मौतों के बारे में चिंता जताता रहा है।

# भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स ने प्रेमिका की पीट-पीटकर हत्या की, हुई 20 साल की जेल की सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स को 20 साल की जेल की सजा मिली है। दरअसल, व्यक्ति को यह सजा अपनी प्रेमिका की गैर इरादतन हत्या के लिए सुनाई गई।

एम कृष्णन खुद शादीशुदा था, लेकिन अपनी प्रेमिका का दूसरे पुरुषों के साथ संबंध रखने की बात हजम नहीं कर पाया। जब उसे यह पता चला तो उसने 40 वर्षीय मल्लिका बेगम रहमानसा अब्दुल रहमान को मुक्का और लात मारी, जिससे उसकी 17 जनवरी, 2019 में मृत्यु हो गई। 40 वर्षीय शख्स ने पिछले सप्ताह हाईकोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। बता दें, उसकी सजा उसकी गिरफ्तारी की तारीख से पहले की है।

न्यायमूर्ति वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने वादा किया था कि 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध के




लिए) वह एक सुधरा हुआ व्यक्ति बन जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार करना जारी रखा। सजा सुनाए जाने के दौरान न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि शख्स को गुस्सा करने की बीमारी थी। इसमें शराब ने और इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया।

न्यायमूर्ति थीन ने कहा कि भले ही अपराध के बाद उसे इस विकार के बारे में पता चला था कि उसे गुस्सा बहुत आता है। यह कहते हुए कि वह महिलाओं के खिलाफ उसके बार-बार घरेलू दुर्व्यवहार को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं, अदालत ने कृष्णन को 20 साल जेल की सजा सुनाई।

गौरतलब है, गैर इरादतन हत्या के लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास और बेंत से मारने की सजा है, या 20 साल तक की जेल की सजा और जुमार्ना या बेंत से मारना है।

**यह है मामला :** साल 2015 की नवंबर में, कृष्णन की पत्नी ने उसे और उसकी प्रेमिका को बेडरूम में शराब पीते हुए पकड़ लिया था। परेशान होकर उसने कृष्णन को खूब खरी खोंटी सुनाई। इस पर शख्स आग बबूला हो गया और उसके चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मार दिया। इतना ही नहीं बाद में व्हिस्की की बोतल भी उठा ली। इस पर पत्नी घबरा गई और उसने माफी मांग ली। बाद में यह मामला पुलिस के बाद गया।

हालांकि, यह मामला यही नहीं थमा। इसके बाद कृष्णन का गुस्सा और बढ़ता चला गया। 2017 में अपनी प्रेमिका को किसी छोटी बात पर मारा। एक रिपोर्ट के अनुसार, मल्लिका ने जब कई पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने की बात स्वीकार की, उसके बाद साल 2019 की शुरूआत में दुर्व्यवहार तेज हो गया।

# ब्रिटेन की संसद से पास हुआ रवांडा शरणार्थी विधेयक ऋषि सुनक सरकार के इस बिल पर हुआ विवाद

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने रवांडा शरणार्थी विधेयक को पारित कर दिया है। इस विधेयक के तहत ब्रिटेन की सरकार अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले लोगों को अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। यह विधेयक बीते दो साल से अटका हुआ था और इसे अदालत में भी चुनौती दी गई। आखिरकार तमाम परेशानियों के बाद अब यह बिल कानून बनने वाला है। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने बताया कि संसद से रवांडा विधेयक पारित हो गया है और कुछ ही दिनों में ये कानून बन जाएगा।

**क्या है रवांडा शरणार्थी विधेयक और क्यों हो रहा था इसका विरोध :** ब्रिटेन में अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों खासकर आपराधिक गैंग्स द्वारा छोटी नौकाओं में जिन लोगों को ब्रिटेन भेजा जाता था, उन्हें रोकने के लिए रवांडा शरणार्थी विधेयक लाया



गया था। इस विधेयक के तहत अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को ब्रिटेन की सरकार अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। रवांडा ये शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन लोगों के आवेदन स्वीकार हो जाएंगे, उन्हें ब्रिटेन बुलाकर नागरिकता दे दी जाएगी। वहीं जिन लोगों को आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, वे या तो रवांडा में ही बसने के लिए आवेदन कर सकेंगे या फिर किसी तीसरे देश में शरण मांग सकेंगे।

नीति के तहत 1 जनवरी 2022 से अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले लोगों को रवांडा भेजा जाना शुरू किया जाना था। हालांकि अभी तक इसकी शुरूआत नहीं हो सकी है। अब जब कानून संसद से पारित हो गया है तो माना जा रहा है कि जल्द ही रवांडा के लिए पहली उड़ान शुरू हो जाएगी।

### अभी भी सरकार की कानूनी चुनौतियां नहीं हुई हैं खत्म

ब्रिटेन की संसद से रवांडा विधेयक पारित हो चुका है, लेकिन अभी भी सरकार को इसे लेकर कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल इस विधेयक को यूरोपीय अदालत में चुनौती दी जा सकती है क्योंकि ब्रिटेन अभी भी यूरोपीय कन्वेंशन ऑन ह्युमन राइट्स का सदस्य देश है और यूरोपीय अदालत ने पहले भी इस विधेयक पर रोक लगाई थी। ऐसे में संभव है कि आगे भी यूरोपीय कोर्ट इसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड में प्रवासियों पर निगाह रखने वाली संस्था के अनुसार, साल 2022 में ही ब्रिटेन में अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों की संख्या 45,744 रही।

# इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अलग-अलग रोड शो में लिया भाग

## साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र, गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र और धौलाना विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया और जगह-जगह पर रोड शो का आयोजन किया। रोड शो में आम लोग उमड़ पड़े। ढोल-नगाड़े की गूंज से आसपास का माहौल चुनावी हो गया।

लोग कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, डॉली शर्मा जिंदाबाद, अजय राय जिंदाबाद आदि नारे लगाकर कार्यकर्ताओं में उत्साह पैदा कर रहे थे।

### साहिबाबाद में जगह-जगह चलाया जनसंपर्क अभियान

**(करंट क्राइम)।** इस मौके पर गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष विजय चौधरी भी अपने सहयोगियों के साथ मौजूद रहे। इससे पूर्व उन्होंने साहिबाबाद क्षेत्र में जगह-जगह पर जनसंपर्क किया। वहीं, गाजियाबाद से निकलकर धौलाना विधानसभा क्षेत्र स्थित पिलखुवा कार्यालय पहुंचीं और वहां भी जनसंपर्क अभियान शुरू किया, जो रोड शो में तब्दील हो गया। यहां भी उन्होंने विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए पुन: कार्यालय पहुंचीं और कार्यकर्ताओं से रणनीतिक मंत्रणा की। इस अवसर पर किसान कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक आदि मौजूद रहे। वहीं, कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने भी साहिबाबाद के विभिन्न इलाकों में डॉली शर्मा के लिए प्रचार किया और लोगों को कांग्रेस प्रत्याशी की खूबियों से अवगत कराते हुए एक मौका देने की अपील की।

### जनता की सेवा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगी : डॉली शर्मा

**(करंट क्राइम)।** इस दौरान डॉली शर्मा ने आम लोगों को संदेश दिया कि जैसे भारतीय संस्कृति में सेवा-भाव के लिए बेटियों का स्थान सबसे पहले आता है, उसी तरह से जब आप लोगों के द्वारा पूर्ण बहुमत प्रदान करके मुझे जनसेवा का मौका देंगे, तो आप लोगों की सेवा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगी। जगह-जगह पर जनचौपाल लगाकर आपकी समस्याओं को इकट्ठा करूंगी और अविलंब उसका समाधान भी दूंगी।

### भाजपा प्रत्याशी पर कसा तंज, ये जो पब्लिक है सब जानती है...

**(करंट क्राइम)।** वहीं, भाजपा प्रत्याशी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कोरोना काल में आपके काम नहीं आया, वो अब क्या आएगा, ये पब्लिक है, सब जानती है। इसलिए निर्द्वन्द्व भाव से डॉली शर्मा के हाथ चिह्न का बटम दबाइए और कांग्रेस की गारंटी पाइए। ये वही गारंटी है जो युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों समेत समाज के वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। उनका रोड शो सुसज्जित वाहन पर विजयनगर के सम्राट चौक से शुरू हुआ, जो संतोष मेडिकल तक जाकर एक जनसभा में तब्दील हो गया। जहां पर उन्होंने लोगों से मत समर्थन मांगते हुए उपरोक्त बातें कहीं।

## महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में यूथ आईकॉन नीरज सिंह का किया स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में पहुचे नीरज सिंह ने लिए अलग अलग स्थानों पर सभा की ओर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को भारी मतों से विजय बनाने के लिए अपील की।

इस दौरान महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में नीरज सिंह का भव्य स्वागत किया, उनके स्वागत में युवा मोर्चे के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे क नीरज सिंह ने सचिन डेढा से चुनाव को लेकर एवम युवा मोर्चे की क्या भागीदारी रहेगी इन सब बार बातें की। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह, एडवोकेट सुनील निठौरा, जयकरण यादव, भाई दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, अरुण भड़ाना, कामिनी भदौरिया, रॉबिन भड़ाना, सुधीर सिंगला दादू, सोनू चौधरी, बसंत सोलंकी एवं युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी रहे।

## मैं स्थानीय मुद्दों पर चुनाव लड़ रही हूं, आपके पूर्ण मत समर्थन की हकदार हूं, मौका दीजिए : डॉली शर्मा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार की शाम इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने प्रीतम फार्म गोविंदपुरम में आयोजित एक बैठक को सम्बोधित किया। इस मौके पर आम लोगों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही हूं, इसलिए आपके मत समर्थन की पूरी उम्मीद रखती हूं।

यदि आप लोग गाजियाबाद का समग्र विकास चाहते हैं तो कांग्रेस का हाथ पकड़िए, डॉली शर्मा के रूप में मुझे भारी बहुमत दीजिए, फिर आपको एहसास करवा दूंगी कि जनप्रतिनिधि कैसा होता है।

### 'मुझे आपके समर्थन की दरकार, सबको मिलेगा लाभ'

डॉली शर्मा ने आगे कहा कि वैसे भी आप लोगों ने मेरे विगत 6 सालों के लगाव को महसूस किया होगा। वह और गहरा हो, सबको उसका लाभ मिले, इसलिए मुझे आपके समर्थन की दरकार है। कोरोना काल में कलम की ताकत मेरे पास नहीं थी, फिर भी मैंने सबके काम आने का एक सकारात्मक प्रयत्न किया और अपने नेक इरादे में सफल रही। इसलिए अब आपसे वोट रूपी कलम की ताकत मांग रही हूं।

अंत में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आपसे मिले अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए मैं आप सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करती हूं। इसके बाद उन्होंने अकबरपुर बेहरामपुर, विजयनगर, गाजियाबाद में आयोजित विभिन्न बैठक को संबोधित किया। स्थानीय मुद्दों पर सबसे बात की। युवाओं को रोजगार और वंचित वर्ग को भागीदारी दिलवाने की बात करते हुए उन्होंने जनसमर्थन मांगा। फिर महिलाओं के लिए गारंटी की चर्चा की और मजदूरों के लिए उचित मजदूरी की गारंटी दी।

उन्होंने आयोजकों से मिले अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने की प्रेसवार्ता

### 'भाजपा की पहचान : सेवा और सम्मान' विषय को विस्तार से समझाया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया आज एक प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा के चुनाव कार्यालय नवयुग मार्केट में पहुंचे। मोदी सरकार की सर्वजन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर दलित समाज का झुकाव और गठबंधन के प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए दलित समाज के समर्थन के लिए उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा की पहचान सेवा और सम्मान के विषय को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलित समाज को सुरक्षा, सम्मान और राजनैतिक सम्मान को आगे बढ़ाया है।

बाबा साहब से प्रेरित होकर भाजपा ने एससी/एसटी समाज में सकारात्मक प्रयास किये। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में दलितों-वंचितों को संवैधानिक अधिकार मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। भाजपा ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में संवैधानिक लाभ दलितों और वंचितों तक पहुंचाया।

**भाजपा की मानव कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्टैण्ड यूपी इण्डिया, सोशल हैल्थकार्ड, 1.50 गावों में इंटरनेट, भारत नेट, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जन औषधि योजना, मुद्रा योजना, जलजीवन मीशन अटल पेंशन योजना, किशान सम्मान निधि और जनधन योजना। बाबा साहेब का तिरस्कार व अपमान किया गया। देश में संविधान तो था परन्तु संविधान दिवस नहीं था। 26 नवम्बर 2015 को संविधान दिवस घोषित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा को स्मरण कर भीम एप की घोषणा की, बाबा साहेब की स्मृति में डाक टिकट जारी किया। 26 फरवरी, 2016 को पहली बार गणतंत्र दिवस पर अम्बेडकर व 2020 में रविदास जी की झांकी प्रस्तुत की। अयोध्या का वाल्मीकि एयरपोर्ट इतिहास है। ऐसे हजारों कार्य 2014 से प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में शुरू हुए। हजारों मुददों को प्रधानमंत्री जी ने रखकर बाबा साहेब को सम्मान-स्नेह देकर करोड़ों वंचितों के दिलों में अपनी जगह बनाई है।

### दलित समाज आज भी पूरी तरह भाजपा के साथ : रामचंद्र कनौजिया

**(करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा, मैं यहां यह भी कहने आया हूं कि उप्र में दलित समाज पूर्वत: भाजपा के साथ है और 80 लोकसभा की सीटों को जीतने जा रहा है, इसमें प्रदेश का दलित समाज अपनी मूख्य भूमिका निभाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, अशोक संत मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, डा. फूल सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा पश्चिम क्षेत्र, ओएसडी गंगा राम अंबेडकर, प्रदीप चौहान वाल्मीकि क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिम क्षेत्र, अनिल कल्याणी महानगर अध्यक्ष मोर्चा, प्रदीप गहलौत जिलाध्यक्ष मोर्चा, प्रदीप चौधरी महानगर मीडिया प्रभारी, राजीव अग्रवाल, आजाद बाल्मीकि, एम के मुखिया, शनि बाल्मीकि, कमल जाटव, अमन मेहरा, जॉनी बाल्मीकी, कपिल चौहान, प्रवीन गहलौत, विजेन्द्र सिंह, रोहित चौहान आदि उपस्थित रहे।

## याद रहे बूथ जीता चुनाव जीता, मेरा पन्ना मतदान का झरना : दिनेश गोयल




**गोविन्दपुरम मंडल के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी के साथ कामकाजी बैठक का आयोजन**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोकसभा के अंतर्गत मंगलवार को गोविन्दपुरम मंडल के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी के साथ कामकाजी बैठक संपन्न हुई।

जिसमें लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, एमएलसी एवं मंडल समन्वयक दिनेश गोयल, मंडल प्रभारी राजेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष अमित रंजन, अरविन्द भारती मुरादनगर विधानसभा चुनाव संयोजक, प्रदीप चौधरी महानगर मीडिया प्रभारी, सविता त्यागी महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, उपेन्द्र सिसोदिया महामंत्री, संजय कौशिक महामंत्री, त्रिलोक चौधरी पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष, मनवीर पवार पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा, कौशल शर्मा पूर्व महानगर अध्यक्षा सहित सभी मोर्चों के अध्यक्ष, पार्षदगण, बूथ अध्यक्ष सेक्टर संयोजक पन्ना प्रमुख एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला ने आगामी दो दिन बूथ पर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। सभी को ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने का आग्रह किया।

मंडल समन्वयक दिनेश गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव में की जा रही कड़ी मशक्कत की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, बूथ पर निवास करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता व नेता मतदान हो जाने तक बूथ का और पन्ना की प्रक्रिया से अनभिज्ञ न हो। क्योंकि बूथ जीता चुनाव जीता। मेरा पन्ना मतदान का झरना। मंडल अध्यक्ष अमित रंजन ने सभी का आभार जताया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं कि नहीं दिख रही है रेखा पार से एक ब्राह्मण चेहरे की गर्ग साहब के पक्ष में वफा? तमाम लोगों ने कर ली, लेकिन नहीं की है उन्होंने अभी तक गर्ग साहब के पक्ष में कोई सभा? कहने वाले ने कहा एक बड़ा चुनाव लड़ने का एक्सपीरिएंस है इन ब्राह्मण चेहरे के पास? फिर भी करा रहे हैं ये दूरियों का एहसास? अगर कर देते एक छोटी मीटिंग तो क्या बिगड़ जाता साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गोयल साहब के मुख से जल्दी से नहीं निकलते हैं किसी के लिए तारीफ वाले अल्फाज? हम थे एक कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर बदले बदले से दिखे हमें उनके जज्बात? वो कर रहे थे दिल खोल कर बॉबी भैया की तारीफ? कह रहे थे ग्राउंड जीरो पर ये चेहरा काम कर रहा है बारीक? कहने वाले ने कहा इस तारीफ के पीछे कुछ तो है वजह? या तो दिल से मान बढ़ाया है या लिया है मजा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के करारे पार्षद की है एक खास बात? वो बिल्डरों की शिकायत ऐड़ी से कोटी का जोर लगाकर करते हैं बेहिसाब? करते हैं वो अपनी शिकायत में बिल्डरों के अवैध निर्माण का पर्दाफाश? कहने वाले ने कहा मगर यहां तो उल्टा खेल हो गया साहब? जीडीए वालों ने थमा दिया पार्षद को ही अवैध निर्माण का नोटिस? कहने वाले ने कहा चर्चाएं जोरों पर हैं? हर कोई कर रहा है अब पार्षद जी का नाम जानने की कोशिश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व हो जाने का कितना दर्द भरा होता है तराना? इस बारे में तो नदिया पार के पूर्व भगवा कमिश्नर बता सकते हैं मिस्टर कसाना? सुना है मौजूदा कमिश्नर ने उन्हें नहीं दिया है अपने व्हाट्सऐप वाले ग्रुप में स्थान? दूसरा वो चुनावों में भी नहीं दे रहे हैं उनको काम? कहने वाले ने कहा यहां पर गर्ग साहब के चुनाव में प्रचार करते हुए हर छोटे बड़े कार्यकर्ता का चेहरा गुलजार है? मगर क्यों कसाना जी को रखा गया है प्रचार से दूर? इसकी चर्चाएं सरे बाजार हैं?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले भाटी मैम्बर भले ही आ गये हैं भाजपा के साथ? मगर उनके दिल में अभी भी हैं उगते हुए सूरज को लेकर जज्बात? जज्बात क्यों भी ना हों, इस उगते हुए सूरज ने ही उन्हें कराया था जीत का एहसास? हम देख रहे हैं उनकी डीपी में आज भी उगता हुआ सूरज दे रहा है रोशनी? भले ही हो गयें हों अब भाजपा वालों के खास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कनावनी वाले एरिया में बनाया हुआ है भगवागढ़ के कई चेहरों ने रॉयल व्हाट्सऐप वाला ग्रुप? इस ग्रुप में बड़े बड़े भाजपा के चेहरे हैं विराजमान? कहने वाले ने कहा इस ग्रुप के मैम्बर रोजाना नोटा दबाने की कर रहे हैं एक दूसरे से अपील? इस अपील पर कोई भी भाजपा का नेता नहीं दे रहा है ध्यान? कहने वाले ने कहा अगर इसी तरह बनेगा नोटा का विचार? तो फिर कैसे होगा मामला आठ लाख के पार? पहलवान और पहलवान के दोस्त को देना चाहिए इस मामले पर ध्यान? नहीं तो बिगड़ सकता है आंकड़े का प्लान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में है एक कड़कड़ाता हुआ गांव? सुना है यहां पर अभी तक नहीं की है भगवा वालों ने कोई भी मीटिंग? यहां के मैम्बर के साथ किसी ने भी नहीं की है सिटिंग? कहने वाले ने कहा मैं इस बात पर हूं बहुत ज्यादा हैरान? क्या भगवागढ़ के बड़े बड़े धुरंधरों का इस एरिया की ओर नहीं है ध्यान? फिर उठता है यही सवाल? अगर मौहल्लों में नहीं होगी मीटिंग तो फिर कैसे पूरा होगा आठ लाख का ख्याल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा राहत जी ने बनाया हुआ है अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए ग्रुप? इस ग्रुप में वो करते हैं अपना गुणगान? मगर जब भी कोई दूसरा चेहरा उनकी मर्जी के बिना कोई पोस्ट डालता है तो फिर वो यहां पर करते हैं अपनी पॉवर का इस्तेमाल? डिलीट कर देते हैं वो डालने वाले की मोदी जी से लेकर योगी जी तक की पोस्ट? कहने वाले ने कहा, अगर यकीन ना हो तो डिलीट पोस्ट के दे सकता है मैं आपको स्क्रीन वाले शॉट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब नदिया पार के ब्लैक स्टोन वाले एरिया में भगवा भैया जी का कैसिंल हो गया प्रोग्राम? तब हमने देखा यहां के आयोजकों के चेहरे से उड़ गई मुस्कान? इस मुस्कान को बरकरार रखने के लिए शुक्ला जी ने पेश कर दिया भगवा किशोर के सामने अपना विचार? कहा ठाकुर साहब आप हमें भैया जी के साथ दिल्ली में चाय पिलवा देना? तभी उतरेगा आपका ये वाला उधार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था गोयल साहब के कार्यक्रम में उनके होर्डिंग के नजदीक? उनका होर्डिंग कर रहा था कुछ दूरियों की तस्दीक? मुझे नहीं हो रहे थे उनके होर्डिंग पर जनरली साहब के दीदार? ये सब बाईचांस था या फिर बदल लिया था उन्होंने अपना विचार? कहने वाले ने कहा राजनीति की है शायद यही दास्तां? जो तुमसे रखे वास्ता, तुम भी रखो उसी से वास्ता? ये देखकर लग रही थी मुझको भूख, जिसके बाद मैं करने चला गया गोयल साहब का नाश्ता?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये सादगी है ये सरलता है और ये सही मायनों में परिवार का संस्कार है। भाई की मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को बहन ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया है। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता और उनकी पत्नी अंकिता ने अपने सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक और सोपान को पूरा किया। इस खुशी को बहन मिलन अग्रवाल ने फेसबुक पोस्ट बनाया। बधाई शुभकामनाएं देने वालो का सिलसिला चलता रहा। सादगी सरलता और परिवार संस्कार को अपने आप में समाहित किए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।